

सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता

**माँ दुर्गा ज्वेलर्स**

उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है

शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई

मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



**आवश्यकता है**

ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।

वेतन चार अंकों में ....

पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

संपर्क : 9827806026, 7869620239



वर्ष- 15 अंक - 68 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, गुरूवार 21 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर




### डीएमएफ की राशि से स्वीकृत सभी कार्य निरस्त, वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद पूर्व सरकार की योजनाओं व स्वीकृत कार्यों पर फिर से विचार किया जा रहा है। इसी कड़ी में वित्त विभाग ने डीएमएफ (जिला खनिज न्यास निधि) की राशि से स्वीकृत कार्यों पर रोक लगा दी। वित्त विभाग ने ऐसे कार्यों पर रोक लगाई है जिसके लिए राशि तो स्वीकृत हो गई है लेकिन काम अभी तक शुरू नहीं हो सका। इस संबंध में वित्त विभाग ने दिशा निर्देश भी जारी किया गया है। माना जा रहा है कि इस पर फिर से योजना बनाई जाएगी।

आदेश जारी करते हुए वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि केंद्र पोषित प्रायोजित योजनाओं और विशेष केंद्रीय सहायता पोषित परियोजनाओं संबंधित योजनाओं पर यह आदेश लागू नहीं होंगे। वित्त विभाग के संयुक्त सचिव अतीश पांडे की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। आदेश में यह भी लिखा है कि राज्य से वित्त से पोषित सभी निर्माण कार्यों को वित्त विभाग से दोबारा सहमति के बाद ही शुरू किया जाए। विभागीय गतिविधियों के संचालन के लिए आवश्यक सामग्री को छोड़कर दूसरी सामग्रियों की खरीदी न करें। वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी विभाग, अध्यक्ष, राजस्व मंडल, समस्त विभागाध्यक्षों को चिट्ठी जारी कर दी है।

#### खर्च में कमी के लिए दिए गए निर्देश

वित्त विभाग के संयुक्त सचिव अतीश पांडे की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य शासन ने सरकारी खर्चे में मित्तव्ययता (खर्च में कमी) बरतने के संबंध में निर्देश दिए हैं। ये आदेश तमाम विभागों के प्रमुख, संभाग आयुक्त और कलेक्टर को भेजा गया है। निर्देश में लिखा है कि राज्य बजट में वित्त पोषित ऐसे निर्माण कार्य जो शुरू नहीं हुए हैं, उनके लिए फिर से वित्त विभाग की अनुमति लेनी होगी। विभागीय गतिविधियों के संचालन के लिए सिर्फजरूरी चीजों की ही खरीदारी होगी। यह आदेश केंद्र सरकार की ओर से जारी किए गए प्रोजेक्ट या केंद्र सरकार के फंड वाले कामों पर लागू नहीं होगा।

## सावधान... फिर सिर उठाने लगा कोरोना!

# नया वैरिएंट ज्यादा खतरनाक नहीं, पर सुरक्षा के उपाय जरूरी

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**भिलाई।** कोरोना के नए वैरिएंट जेएन.1 ने बेचैनी बढ़ा दी है। देशभर में अब तक जेएन.1 के सैकड़ों नए मामले सामने आए हैं। चिंता की बात यह है कि नए वैरिएंट की रफ्तार बढ़ने के साथ अचानक कोरोना के मामलों में भी तेज बढ़ोतरी हुई है। राहत की बात है कि अब तक छत्तीसगढ़ में कोरोना के इस नए वेरिएंट का कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन जिस तरह लगातार यह वायरस अपना विस्तार कर रहा है, उससे चिंता जरूर बढ़ गई है। छत्तीसगढ़ सरकार ने सभी जिलों के स्वास्थ्य महकमों को अलर्ट कर दिया है, लेकिन जरूरी यह है कि लोग एक बार फिर से कोरोना से बचने के उपाय स्वयं करें। अब तक देश के तीन राज्यों गोवा, केरल और महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा मरीज मिले हैं और यहां लगातार कोरोना पीड़ितों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। ऐसे में लोगों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। हालांकि वैज्ञानिकों ने कोरोना के इस नए वैरिएंट जेएन.1 को ज्यादा खतरनाक नहीं माना है, इसलिए घबराने की भी जरूरत नहीं है।



अब तक मिली जानकारियों के मुताबिक, कोरोना संक्रमण की चपेट में आए लोगों में से लगभग 91 से 92 फीसदी लोग घर पर ही ट्रीटमेंट का ऑप्शन चुन रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, जेएन.1 के नए मामलों में से 19 मामले गोवा में दर्ज किए गए हैं। केरल और महाराष्ट्र में एक-एक मामला सामने आया है। बीते दो सप्ताह में कोविड-19 से जुड़े 16 मरीजों की मौत हो गई। इन्हें गंभीर को-मॉर्बिडिटी थी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सुधांश पंत ने बताया है कि भले ही कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन 92.8 फीसदी मामलों में घर पर ही इलाज हो रहा है जो हल्की बीमारी का संकेत देता है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के कारण अस्पताल में भर्ती होने की दर में कोई बढ़ोतरी दर्ज नहीं हुई है। जिन मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उन्हें अन्य बीमारियां थीं और उनमें कोविड का पता अचानक लगा।

### मौजूदा वैक्सीन कितनी असरदार?

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, स्पाइक प्रोटीन को टारगेट करने वाली वैक्सीन जेएन.1 वैरिएंट के खिलाफभी प्रभावी रहनी चाहिए। इसका मतलब यह हुआ है कि मौजूदा वैक्सीन जेएन.1 वैरिएंट के खिलाफसुरक्षा प्रदान करेगी। यहीं कारण है कि एक्सपर्ट्स मानते हैं कि घबराने की बहुत जरूरत नहीं है। लेकिन, स्थितियों पर नजर जरूर रखना होगा। कोरोना के इस नए वैरिएंट पर वैज्ञानिक हालांकि बारीक नजर रख रहे हैं और इसकी जांच भी जारी है। इसके साथ ही परीक्षण बढ़ाने और निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। केंद्र सरकार ने देश में कोविड-19 मामलों में बढ़ोतरी और जेएन.1 के सामने आने के बीच राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से निगरानी बनाए रखने के लिए कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को देशभर में स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा की। साथ ही कोरोना वायरस के उभरते वैरिएंट के प्रति सतर्क रहने पर जोर दिया।

### कोविड वैरिएंट जेएन.1 के लक्षण

कोरोना के नए वैरिएंट जेएन.1 के लक्षणों में ये चीजें शामिल हैं: बुखार, थकान, नाक बहना, गले में खराश, सिरदर्द, खांसी, कंजेशन और कुछ मामलों में स्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं

### बचाव के लिए क्या करें?

त्योहारी सीजन और नववर्ष से पहले देश में कोविड-19 के मामलों में हालिया बढ़ोतरी के बीच डॉक्टरों ने लोगों को मास्क पहनने, भीड़भाड़ से बचने और स्वस्थ आहार लेने की सलाह दी है। जेएन.1 वैरिएंट को लेकर भी इन्हीं एहतियाती कदमों को उठाना है। ये एहतियाती कदम इस तरह हैं:

- हाथों को साबुन और पानी से कम से कम 20 सेकेंड तक धोना
- साबुन-पानी न होने पर कम से कम 60 फीसदी अल्कोहल वाले हैंड सैनिटाइजर का इस्तेमाल
- भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनना
- नाक और मुंह को मास्क से अच्छी तरह ढंकना
- सोशल डिस्टेंसिंग।


### जेएन.1 को किस कैटेगरी में रखा गया है?

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने जेएन.1 को 'वैरिएंट ऑफइंटरेस्ट' करार दिया है। डब्यूएचओ ने साथ ही कहा कि इससे वैश्विक जनस्वास्थ्य के लिए ज्यादा खतरा नहीं है। संगठन के मुताबिक, यह अब 'ग्लोबल इनिशिएटिव ऑन शेयरिंग ऑल इन्फ्लुएंजा डेटा' (जीआईएसएआईडी) से जुड़े बीए.2.86 वंशानुक्रम (लीनिएज) से संबंधित है। हालांकि, हाल के सप्ताहों में कई देशों में जेएन.1 के मामले सामने आते रहे हैं। वैश्विक स्तर पर इसका प्रसार तेजी से बढ़ा है। 'वैरिएंट ऑफइंटरेस्ट' का मतलब है कि इसे 'वैरिएंट ऑफकंसर्न' के रूप में कैटेगराइज करने से पहले स्वास्थ्य संगठन इसकी प्रकृति और संक्रामकता शक्ति की मॉनिटरिंग करता रहेगा। इसके पहले वैरिएंट के नेचर के आधार पर डब्ल्यूएचओ अल्फा, बीटा, गामा और डेल्टा को 'वेरिएंट ऑफकंसर्न' के रूप में कैटेगराइज कर चुका है। लैम्ब्डा वैरिएंट को 'वेरिएंट ऑफइंटरेस्ट' के तौर पर वर्गीकृत किया गया था।

## उच्च पद और अहंकार जरा भी नहीं, कार से उतरते ही उप राष्ट्रपति ने बुजुर्गों के छुए पैर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उप राष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री कर उनका अपमान किए जाने का विवाद देशभर में चर्चा में है। इस बीच, केरल की यात्रा के दौरान उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें उन्हें विनम्रतापूर्वक अपने स्कूल शिक्षक के पैर छूते हुए देखा जा सकता है। यह वीडियो दर्शाता है कि उच्च पद पर होने के बावजूद उप राष्ट्रपति पर अहंकार की कोई छाप नजर नहीं आती है।

वीडियो में दिख रहा है कि 72 वर्षीय जगदीप धनखड़ जैसे ही अपनी कार से उतरते हैं, वैसे ही सामने खड़े एक बुजुर्ग शख्स को पैर छूकर प्रणाम कर रहे हैं। वो बुजुर्ग शख्स उप राष्ट्रपति के शिक्षक बताए जा रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि थोड़ा सा आगे बढ़ने पर उप राष्ट्रपति एक बुजुर्ग महिला के भी पैर छू रहे हैं। वह उनकी गुरुमाता कही जा रही हैं।



बता दें कि मिमिक्री मामले में तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी की आलोचना हो रही है। बुधवार को भी राज्यसभा में मिमिक्री विवाद पर एनडीए सांसदों और केंद्रीय मंत्रियों ने विरोध-प्रदर्शन जताया और सभापति के सम्मान में पूरे प्रश्नकाल खड़े रहे। इस दौरान जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में कहा कि उन्होंने वीडियो देखा है और इससे उन्हें गहरा दुख हुआ है।

### राज्यसभा के सभापति के पद का अपमान है

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी.चिदंबरम को संबोधित करते हुए, सभापति ने उनसे कहा, कल्पना कीजिए कि मुझे क्या महसूस हुआ होगा, जब आपकी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता, एक सांसद, मेरा मजाक उड़ाने वाले एक कृत्य को फिल्मा रहे थे। यह एक व्यक्तिगत हमला है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ एक किसान या एक समुदाय का अपमान नहीं है, यह राज्यसभा के सभापति के पद का अपमान है। और वह भी उस पार्टी द्वारा जिसने इतने लंबे समय तक देश पर शासन किया है।

## भारतीय नौसेना बनेगी सबसे बड़े युद्धाभ्यास की मेजबान, शामिल होंगे 50 से ज्यादा देश



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय नौसेना फरवरी 2024 में अपने सबसे बड़े नौसैनिक युद्धाभ्यास-मिलन 2024 का आयोजन करने जा रही है। 19 से 27 फरवरी के बीच विशाखापत्तनम में चलने वाले इस अभ्यास में इस बार 50 से ज्यादा मित्र देशों के शामिल होने की संभावना है। वहीं, 20 से ज्यादा नौसैनिक पोत भी इस अभ्यास का हिस्सा बनेंगे। भारतीय नौसेना ने इससे जुड़ा एक वीडियो भी साझा किया है।

गौरतलब है कि मिलन भारत की नौसेना की तरफ से किय जाने वाला सबसे बड़ा बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है। आखिरी बार 2022 में हुए इस युद्धाभ्यास में 46 मित्र देशों को न्योता भेजा गया था। इनमें रूस, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, इजराइल, ईरान, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया, वियतनाम, बांग्लादेश, ब्राजील, संयुक्त अरब अमीरात, अन्य शामिल रहे थे।

### क्या है मिलन अभ्यास?

यह सबसे जटिल नौसैनिक अभ्यास है जो भारत किसी भी अन्य देश के साथ करता है। मिलन एक बहुपक्षीय युद्ध नौसैनिक अभ्यास है जिसे 1995 में शुरू किया गया था। उद्घाटन संस्करण में भारतीय नौसेना के अलावा, इंडोनेशिया, सिंगापुर, श्रीलंका और थाईलैंड की नौसेनाओं ने भाग लिया था।

### इस आयोजन का भारत के लिए क्या महत्व है?

विशेषज्ञ मानते हैं कि यह आयोजन उपमहाद्वीप के समुद्र तटों में भारत की समुद्री श्रेष्ठता को दिखाने और उसकी समुद्री सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। चीन की बढ़ती नौसैनिक ताकत और हिंद महासागर में चीन की बढ़ती उपस्थिति के मद्देनजर चीन की घेराबंदी के लिए यह जरूरी है।

## सर्दी में बच्चों को दिए जाने वाले इस सिरप पर बैन, दवा पर चेतावनी लेवल भी होना जरूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कफ सिरप से दुनियाभर में 140 से ज्यादा बच्चों की मौत के बाद भारत में सर्दी-जुकाम के लिए छोटे बच्चों को आमतौर पर दिए जाने वाले कुछ सिरप पर बैन लगा दिया गया है। ये दवाएं बच्चों को जुखाम या बुखार पर मिक्स करके सिरप के रूप में दिया जाता है। दवा निर्माताओं को आदेश में यह भी कहा गया है कि दवाओं के ऊपर चेतावनी लेबल भी होना चाहिए। ताकि पता लगे कि यह दवा 4 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए नहीं है।

यह आदेश 2019 के बाद से कई बच्चों की मौत के बाद आया है, जिसे देश में बने जहरीले कफसिरप से जोड़कर माना जा रहा है। पिछले साल गाम्बिया, उज्बेकिस्तान और कैमरून में जहरीले कफसिरप से कम से कम 141 मौत हो गई थीं। भारत में प्रतिबंधित की जाने वाली दवाओं में क्लोफेनिरामिन मैलिएट (Chlorpheniramine Maleate या CPM) और फ़िनाइलेफ़्रिन (Phenylephrine) शामिल हैं। ये वे दवाएं हैं, जो अक्सर कॉम्बिनेशन के रूप में सामान्य सर्दी के लक्षणों के इलाज के लिए बच्चों को जी जाती हैं।



गौर हो कि , 2019 में देश के भीतर निर्मित कफसिरप पीने से कम से कम 12 बच्चों की मौत हो गई थी और चार अन्य विकलांग हो गए थे। कम कीमत वाली इन दवाओं के सेवन से बच्चों की जान को भी खतरा है। ऐसे में केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (CDSCO) ने दवाओं के नए प्रतिबंध जारी किए। आदेश 18 दिसंबर को जारी किया गया और जबकि बुधवार को सार्वजनिक किया गया।

### दवाओं के ऊपर चेतावनी वाला लेबल भी

आदेश में यह भी कहा गया है कि दवा निर्माताओं को अपने उत्पादों पर चेतावनी वाले लेबल लगाने की भी जरूरत है, जिसमें यह साफ तौर पर लिखा होना चाहिए कि यह दवा 4 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जानी चाहिए। गौरतलब है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ड्ड।ह्र भी पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में खांसी और सर्दी के लक्षणों के इलाज के लिए सिरप या दवाओं के उपयोग न करने की सलाह देता है।

## एक बार फिर बाजारवाद के खिलाफ खड़ा हुआ धर्म

श्रीकंचनपथ




भारत एक ऐसा देश है जहां जीवनोपयोगी हर वस्तु की प्रचुरता है। यहां विकसित प्रत्येक धर्म सादगी, शुचिता और सेवा को प्रधानता देता है।'सादा भोजन-उच्च विचार' के इस देश को पिछले कुछ दशकों में बाजारवाद ने अपने चपेट में ले लिया है। लोगों की जरूरतें इतना बढ़ा दी गई हैं कि अपनी आवश्यकता से चार गुना कमाने वाला व्यक्ति भी कर्ज का बोझ ढो रहा है। इसका लाभ उठाते हुए निजी बैंकों और फाइनेंस कंपनियों ने अपना महाजाल बिछा दिया है। क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन बांटने के लिए फिन कंपनियों से लेकर बैंक तक उतावले हुए पड़े हैं। मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, टू-व्हीलर, फोर व्हीलर के बाजार में बहार आई हुई है। शिक्षा से लेकर शादी तक सबकुछ ऋण और ब्याज पर चल रहा है। कभी सूदखोरों से बचाने के लिए बैंकों की स्थापना की गई थी जहां मामूली ब्याज पर लोगों को ऋण मिल जाया करता था। अब सूदखोर तो कम हो गये पर बैंक ऐसा स्कीम लेकर आ गए जिसमें तीन साल में ऋण पर ब्याज मूलधन के बराबर हो जाता है। पर बाजारवाद की गिरफ्त में फंसे लोगों का इसकी तरफध्यान नहीं है। हो भी कैसे। सादगी और बचत में यकीन करने वाला भारतीय समाज अब दिखावे की ओर कूच कर गया है। बाजारवाद ने उसकी जरूरतें इतनी बढ़ा दी हैं कि शहर की तंग गलियों में रहने वाले भी एसयूवी और एक्सयूवी खरीद रहे हैं। गलियों में पार्किंग के लिए झगड़े हो रहे हैं और सड़कें पार्किंग में तब्दील हो रही हैं। शौक हैं कि इसके बाद भी कम नहीं होते। ऐसे में सिख समाज ने एक बार फिर पहल की है। छत्तीसगढ़ सिख पंचायत ने गुरुद्वारों को फिज़ूलखर्ची और दिखावे से अलग रखने का फैसला लिया है। पंचायत का निर्णय है कि अब गुरुद्वारों में केवल लावा फेरों की रस्म ही निभाई जाएगी। इसमें जोड़ा सादे वस्त्रों में अर्थात सलवार सूट में ही शामिल होगा। यहां जयमाल जैसी कोई रस्म नहीं होगी। सिख परिवारों में मृत्यु होने पर गुरुद्वारे में सादा लंगर ही आयोजित किया जा सकेगा। इसमें पकवान या मीठा शामिल नहीं किया जाएगा। इस लंगर के खर्च में सभी संगत अंशदान कर सकेंगे। इससे किसी भी परिवार पर बोझ नहीं पड़ेगा। गुरुद्वारों की तरफसे फिजूलखर्ची के खिलाफ आया यह कोई पहला फरमान नहीं है। पिछले तीन दशकों में अकालतख्त ने ऐसे कई नियम बनाए हैं जो वैवाहिक खर्च को कम करने की कोशिश करते दिखाई देते हैं। भारतीय समाज में विवाह एक ऐसी रस्म है जिसमें लोग वर्षों की कमाई दो-चार दिन के दिखावे पर फूंक देते हैं।शानदार शादी और शानदार दावत का यह बुखार कुछ ऐसा है कि परिवार कर्ज में डूब जाते हैं। समाज लड़की वालों पर इतना दबाव बनाता है कि लड़की होना ही अभिशाप लगने लगता है। वक्त आ गया है कि अन्य समाज भी इस दिशा में अपनी कोशिशें प्रारंभ करे।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के बढ़ते कदम....



LED SCREEN

के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए

संपर्क करे

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग

शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# पैर पर कुल्हाड़ी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की भारत संबंधी स्वीकारोक्ति सुखद और स्वागतयोग्य है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के दुखों के पीछे अमेरिका या भारत नहीं हैं, पाकिस्तान ने अपने पैरों पर खुद ही कुल्हाड़ी मारी है। गौर करने की बात है कि पाकिस्तान इन दिनों गहरे आर्थिक संकट से गुजर रहा है और वहां नकदी का बहुत अभाव हो गया है। अभी जो माहौल पाकिस्तान में बन रहा है, उससे तो ऐसा लगता है कि नवाज शरीफ अपनी पाकिस्तान वापसी के बाद देश का नेतृत्व संभालने को तैयार हैं। अत: स्वयं पाकिस्तान की खामी को स्वीकार करना एक तरह से जरूरी भी है। अक्सर पाकिस्तान में हर तरह की कमी के लिए भारत को जिम्मेदार ठहरा दिया जाता है। पाकिस्तानी सत्ताधीशों के लिए यह कोई नया बहाना नहीं है।

> 73 वर्षीय शरीफने तो सैन्य तानाशाहों को वैध ठहराने के लिए अपने देश के न्यायाधीशों की भी आलोचना की है, पर क्या चुनाव जीतने के बाद भी उनके ऐसे ही विचार बने रहेंगे? पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान वास्तव में खुद अपना ही दुश्मन बना हुआ है।

वास्तव में, ऐसे बहाने बनाकर या भारत का भय दिखाकर वहां की सेना भी अपनी चौधराहट से बाज नहीं आ रही है। अब कोई आश्चर्य नहीं कि नवाज शरीफ ने परोक्ष रूप से देश के संकटों के लिए अपनी ही ताकतवर सेना की ओर इशारा किया है। उन्होंने कहा है कि सेना ने धांधली करके एक सरकार साल 2018 में देश पर थोप दी थी, जिससे लोगों को परेशानी हुई और पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था भी खराब हो गई। नवाज शरीफ अच्छे से जानते हैं कि पाकिस्तान में फौज का शिकंजा कैसा है? ऐसा नहीं है कि इस बात को इमरान खान नहीं जानते थे, मगर उन्होंने फौज की पकड़ को कमजोर करने के लिए ज्यादा कुछ नहीं किया और पता नहीं, नवाज शरीफ को इसमें कितनी कामयाबी मिलेगी? इसमें कोई शक नहीं है कि पाकिस्तान को एक ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत है, जो देश के हालात को ईमानदारी से समझता हो और फौज को लोकतांत्रिक परिधि में अनुशासित कर सके। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का नेतृत्व कर रहे नवाज शरीफ के ईमानदार बयानों से अच्छे संकेत मिलते हैं, पर बड़ा सवाल है कि क्या वह चौथी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बन पाएंगे? अफसोस, वह विगत तीन दशक में तीन बार प्रधानमंत्री रहे हैं, पर फौज में सुधार के बजाय बिगाड़ ही ज्यादा हुआ है। नतीजा सामने है, पाकिस्तान समस्याओं की गर्त में धंसता चला जा रहा है। 73 वर्षीय शरीफने तो सैन्य तानाशाहों को वैध ठहराने के लिए अपने देश के न्यायाधीशों की भी आलोचना की है, पर क्या चुनाव जीतने के बाद भी उनके ऐसे ही विचार बने रहेंगे? पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान वास्तव में खुद अपना ही दुश्मन बना हुआ है। उसी की वजह से जेल की सजा से बचने के लिए नवाज शरीफको चार साल निर्वासित रहना पड़ा। अब वह लौटे हैं, तो उन्हें सत्ता में आने पर देश की सच्ची सेवा का मौका नहीं गंवाना चाहिए। पाकिस्तान को आगे बढ़ाने के लिए वहां की अर्थव्यवस्था को सुधारना सबसे जरूरी है। यह नवाज शरीफ का सौभाग्य है कि उनका देश उन्हें चौथी बार मौका दे सकता है, जबकि उधर अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप ने एक ही बार राष्ट्रपति रहते ऐसी-ऐसी गलतियां की हैं कि उनका आगे चुनाव लड़ना भी मुश्किल नजर आ रहा है। ट्रंप को बड़ा झटका देते हुए, कोलोराडो सुप्रीम कोर्ट ने 6 जनवरी, 2021 कैपिटल हमले में शामिल होने के चलते उन्हें मतदान से हटा दिया है। मतलब, कोई भी देश आपको जब शासन का मौका देता है, तो उसकी सेवा संविधान के तहत ईमानदारी और पूरी शालीनता के साथ होनी चाहिए, ताकि आगे भी सेवा के मौके आसानी से मिलते रहें।

## अब दूरसंचार पर नियंत्रण?

लोकसभा में पेश दूरसंचार विधेयक 2023 ने कई तरह की आशंकाओं को जन्म दे दिया है। वैसे इसमें कोई संदेह नहीं है कि दूरसंचार के लिए एक नए कानून जरूरत है। इसलिए सरकार ने नया कानून बनाने का फैसला किया, तो उसे उचित ही माना जाएगा। देश में दूरसंचार सेवाएं अब तक 1885 में बने टेलीग्राफ ऐक्ट से संचालित होती हैं। जबकि तब से दूरसंचार तकनीक का जमाना इतना बदल चुका है कि इस परिवर्तन के परिमाण की परिकल्पना करना भी कठिन हो सकता है। नया कानून टेलीग्राफ ऐक्ट के साथ-साथ 1933 में बने वायरलेस टेलीग्राफी ऐक्ट और 1950 में बने टेलीग्राफ वायर्स (गैर-कानूनी गतिविधि) अधिनियम की जगह लेगा। मगर बेहतर यह होता कि प्रस्तावित कानून का मसविदा व्यापक राष्ट्रीय बहस और तमाम हित-धारकों के साथ विचार-विमर्श के जरिए बनाया गया होता। ऐसा ना होने की वजह से संदेह पैदा हुए हैं और भविष्य में कई विवाद खड़े होने की गुंजाइश बन गई है। मसलन, एक विवादास्पद बिंदु सैटेलाइट स्पेक्ट्रम के आवंटन की प्रस्तावित प्रक्रिया है। टू-जी स्पेक्ट्रम आवंटन को लेकर हुए विवाद के बाद सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे तमाम संसाधनों की बिक्री नीलामी के जरिए करने की व्यवस्था दी थी।

अब नए कानून के जरिए इस व्यवस्था को पलटने का इरादा सरकार ने जताया है। यानी फिर से स्पेक्ट्रम सरकार आवंटित करेगी। जब स्पेक्ट्रम पाने की होड़ में अनेक कंपनियां होंगी, तब हर ऐसे आवंटन को लेकर विवाद खड़ा होने की आशंका बनी रहेगी। इसी तरह बिल में प्रावधान है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सरकार जब चाहे दूरसंचार सेवाओं को अपने हाथ में ले सकेगी। इसके अलावा चैट सेवाओं के इन्क्रिप्शन संबंधी प्रतिमान तय करने का आधिकार सरकार के पास होगा। इससे चैटिंग की निजता भंग होने का अंदेशा खड़ा हुआ है। ओटीटी सेवाओं को लेकर अभी भ्रम बना हुआ है, लेकिन संभवत: उनका विनियमन भी सरकार के हाथ में चला जाएगा। ऐसे ही प्रावधानों के कारण प्रस्तावित विधेयक को आईटी ऐक्ट के साथ जोड़कर देखा जा रहा है। बेहतर होगा कि ऐसी आशंकाओं को दूर करने की पहल सरकार करे। इसके बाद ही बिल को पारित करना उचित होगा।

## जनता के बीच जाइए

अब यह लगभग दस साल का अनुभव है कि वर्तमान भाजपा सरकार संसदीय जवाबदेही को नहीं मानती। ना ही संसद की प्रक्रियाओं का आदर करती है। जिस थोक भाव में सांसदों का निलंबन अब हुआ है, उससे यह बात पुष्ट हुई है कि गुजरते वक्त के साथ सत्ता पक्ष का यह रुख और कठोर होता जा रहा है। सोमवार तक कुल 92 सांसदों को निलंबित किया जा चुका था। राज्यसभा के निलंबित हुए 46 सदस्यों में से 35 को पूरे शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित किया गया है। बाकी 11 सांसदों को उनके व्यवहार पर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। उधर लोकसभा में निलंबित 46 सांसदों में से तीन सांसदों को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। बाकी पूरे सत्र के लिए सस्पेंड किए गए हैं। आखिर इन सांसदों का दोष क्या था? वे 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में हुई चूक के मसले पर गृह मंत्री से बयान की मांग कर रहे थे। क्या यह मांग इतनी बड़ी थी, जिसको लेकर इतना बड़ा विवाद खड़ा होता? मगर ऐसा हुआ है, तो उसके निष्कर्ष स्पष्ट हैं। सरकार ने बता दिया है कि वह विपक्ष और विरोध को स्वीकार नहीं करती। तो अब प्रश्न विपक्ष के सामने है कि वह क्या करेगा? लोकतंत्र की हत्या हुई, जैसे जैसे बयान अब कोई प्रभाव पैदा नहीं करते। गौरतलब है कि सांसदों के निलंबन के बाद कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि एक बार फिर मोदी सरकार ने संसद और लोकतंत्र पर हमला किया है। उन्होंने ये अंदेशा भी जताया कि विपक्ष की गैर-हाजिरी में सरकार कुछ महत्त्वपूर्ण बिल पास करा लेगी। ये बात भी बहुत दमदार नहीं है, क्योंकि सरकार विपक्ष की मौजूदगी में भी मनमाफिक ढंग से विधेयक पास कराती रही है। ऐसे में विपक्ष के पास एक ही रास्ता है कि वह राजनीति का तरीका बदले।

> सनातन विवाद इसका ज्वलंत उदाहरण है। ईवीएम जैसे मुद्दों पर भी बेजा रोने के बजाय गठबंधन चाहे तो सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज न्यायमूर्ति मदन लोकुर की रिपोर्ट का हवाला दे सकता है कि आखिर क्यों अन्य देशों में इसका इस्तेमाल बंद किया गया? चुनाव प्रबंधन जैसे कामों में अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, जिन्होंने दिल्ली और पंजाब में अपनी कथनी और करनी में काफी हद तक समानता दिखाई है।

# मिलकर मुकाबले की ओर बढ़ता विपक्ष


रशीद किदवई, वरिष्ठ पत्रकार व लेखक

मंगलवार को 'इंडिया' ब्लॉक की बैठक महत्वपूर्ण रही। लोकसभा चुनाव में अब बहुत कम समय बचा है, इसलिए इस गठबंधन के तमाम दलों के लिए 'करो या मरो' जैसी स्थिति है। यह सही है कि वैचारिक रूप से इनमें मतभेद है और राजनीतिक संस्कृति के कई मानकों पर यह गठबंधन खरा नहीं उतरता, फिर भी एनडीए सरकार को सत्ता से हटाने के उद्देश्य से विपक्षी दल एक साथ आए हैं, और अब धड़ाधड़ फैसले ले रहे हैं। मंगलवार की बैठक में भी कई बातों पर सहमति बनी, हालांकि जल्दबाजी में ऐसे प्रस्ताव भी आए हैं, जिन पर समान राय संभव नहीं, फिर भी विकल्पहीनता की स्थिति में उनको स्वीकार किया जा रहा है।

बैठक में सबसे पहला सवाल तो यही आया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ किसे चेहरा बनाया जाए? पहले विपक्ष ऐसा करने से कतरा रहा था, लेकिन राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के नतीजों ने उसके मत को हिला दिया है। इसी कारण, ममता बनर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम आगे किया, क्योंकि वह दलित समाज से आते हैं, और उनके पास पर्याप्त राजनीतिक अनुभव भी है। यह माना गया है कि 'इंडिया' में उनका शायद ही विरोध होगा। अरविंद केजरीवाल ने तो तत्काल इस पर अपनी सहमति भी दे दी।

हालांकि, कयास यह भी है कि खड़गे मई तक इस भूमिका में रह सकते हैं, ताकि मायावती जैसी नेताओं और दलित मतदाताओं को गठबंधन की तरफ लुभाया जा सके, जिससे 30 फीसदी जनाधार को अपने पक्ष में किया जा सकता है। इसके बाद, किसी अन्य का नाम आगे किया जा सकता है, जिसके कई उदाहरण भारतीय राजनीतिक इतिहास में भी हैं। मसलन, 1989 के आम चुनाव में सत्तारूढ़ कांग्रेस के खिलाफ नेशनल फ्रंट बना था और उसका चेहरा थे देवी लाल, लेकिन चुनाव के बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह प्रधानमंत्री बने। इसी तरह, साल 2004 के लोकसभा चुनाव में सोनिया गांधी केंद्रीय भूमिका में थीं, मगर कुरसी मिली मनमोहन सिंह को। इससे काफी पहले, सन् 1977 के लोकसभा चुनाव में भी इंदिरा गांधी के खिलाफ जयप्रकाश नारायण खड़े थे, लेकिन मोरारजी देसाई के नाम पर सहमति बनी। वैसे भी, अभी विपक्ष के अंदर जिस तरह से शह और मात का खेल चल रहा है, उसमें कांग्रेस अध्यक्ष का नाम सामने आना चौंकाता नहीं है।

यहां नीतीश कुमार के लिए कहानी खत्म नहीं हुई है। बेशक अभी वह दबाव की राजनीति कर रहे हैं, जिसमें लालू प्रसाद यादव का साथ उन्हें मिल रहा है, लेकिन मुमकिन है कि अगली बैठक में उनको गठबंधन का संयोजक बना दिया जाए। इसके पीछे न सिर्फ जातीय समीकरण (पिछड़ा वोट) काम कर रहा है, बल्कि हिंदी पट्टी (नीतीश कुमार) और दक्षिण (मल्लिकार्जुन खड़गे) का गठजोड़



भी मददगार बन रहा है। नीतीश के आगे आने पर के चंद्रशेखर राव, नवीन पटनायक, जगन मोहन रेड्डी जैसे नेताओं को लेकर भी उम्मीद बढ़ सकती है, जो फिलहाल 'इंडिया' का हिस्सा नहीं हैं, क्योंकि नीतीश कुमार के साथ इनके अच्छे ताल्लुकात हैं। इसी तरह, उत्तर प्रदेश में मायावती के साथ कांग्रेस के प्रमोद तिवारी और राजीव शुक्ला के मधुर संबंध हैं, जिसका लाभ मल्लिकार्जुन खड़गे को मिल सकता है। अगर खड़गे और नीतीश की जोड़ी बनती है, तो कई तटस्थ नेता 'इंडिया' का हिस्सा बन सकते हैं।

रही बात सीटों के बंटवारे की, तो ममता बनर्जी के मुताबिक, 31 दिसंबर तक इस पर सहमति बन जाएगी। इसके लिए उन्होंने एक व्यावहारिक रास्ता भी सुझाया है। बैठक में उन्होंने कहा कि वाम दलों से उनका स्वाभाविक मतभेद है, लेकिन पश्चिम बंगाल में वह कांग्रेस के साथ गठबंधन कर सकती हैं। ऐसे में, 42 लोकसभा सीटों वाले इस राज्य में 35 सीटों पर तृणमूल लड़े, जबकि शेष सात सीटों पर कांग्रेस और वाम दल आपसी रजामंदी से उम्मीदवार खड़ा करें। इससे तृणमूल और वाम दल, दोनों का सम्मान बच जाएगा। परोक्ष रूप से वह यही कहना चाहती थीं कि जो जहां मजबूत है, वहां उसकी दावेदारी तय की जानी चाहिए।

यह रास्ता गलत भी नहीं लगता। अगर इस गणित को डाटा साइंस जैसी अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से सुलझाया जाए, तो कई सीटों पर सहमति बनाने में मुश्किल नहीं आएगी। जैसे, जिन सीटों पर गठबंधन का जो दल जीता है, उस पर उसे स्वाभाविक दावेदार माना जाए, और जहां जो पार्टी भाजपा के खिलाफ दूसरे स्थान पर रही और हार का अंतर काफी कम रहा हो, वहां उसे मौका दिया जाएगा। इस तरह, तकरीबन 300 सीटों का समाधान निकल सकता है। शेष सीटों के लिए 'आदान-प्रदान की रणनीति' अपनाई जा सकती है। मगर हां, यह काम ईमानदारी से होना चाहिए। पिछले बिहार विधानसभा चुनाव में ही राजद ने कांग्रेस को अनावश्यक ही अधिक सीटें दे दी थीं, जिससे तेजस्वी यादव को नुकसान उठाना पड़ा था।

चुनाव प्रबंधन पर विपक्षी दलों को खासा काम करना होगा। नेताओं को क्या कहना चाहिए, यह तो स्पष्ट है, लेकिन क्या नहीं कहना चाहिए, यह उन्हें बताया जाना चाहिए। सनातन विवाद इसका ज्वलंत उदाहरण है। ईवीएम जैसे मुद्दों पर भी बेजा रोने के बजाय गठबंधन चाहे तो सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज न्यायमूर्ति मदन लोकुर की रिपोर्ट का हवाला दे सकता है कि आखिर क्यों अन्य देशों में इसका इस्तेमाल बंद किया गया? चुनाव प्रबंधन जैसे कामों में अरविंद केजरीवाल जैसे नेताओं को जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, जिन्होंने दिल्ली और पंजाब में अपनी कथनी और करनी में काफी हद तक समानता दिखाई है। सोनिया गांधी संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन को इसलिए कुशलता से चला सकीं, क्योंकि उन्होंने किसी के खिलाफ काम नहीं किया। नतीजतन, यह गठबंधन दो बार सत्तासीन हुआ। मल्लिकार्जुन खड़गे के पास भी यह इतिहास दोहराने का मौका है। उन्हें हर व्यक्ति को उसकी खासियत देखकर भूमिका देनी होगी। इसमें वह अपने राजनीतिक अनुभव का लाभ उठा सकते हैं।

यह सही है कि कई राज्यों में गठबंधन में आपसी मतभेद हैं, पर समान विचारधारा न होने और राजनीतिक-सामाजिक सोच भिन्न होने बावजूद आम सहमति बनाई जा सकती है। इस गठबंधन में किसी पार्टी का नेतृत्व की भूमिका में न होना बड़ी समस्या है। कांग्रेस जरूर कागज पर सबसे ऊपर है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस भी उससे बहुत पीछे नहीं है। फिर भी, बैठक में इच्छाशक्ति का प्रदर्शन किया गया। उम्मीद है, अगली बार गठबंधन कहीं अधिक सार्थक रणनीति के साथ सामने आएगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# समाज को संवेदनशील बना रही पैरा एथलीट की सफलता

मनोज चतुर्वेदी, वरिष्ठ खेल पत्रकार

यह कहा जाता है कि आपका इरादा पक्का हो, तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है। इस बात को पिछले कुछ साल में भारतीय पैरा एथलीटों ने एकदम से सही साबित कर दिया है। ये पैरा एथलीट अपनी कड़ी मेहनत और जज्बे के दम पर सुर्खियां बटोरकर देश के तमाम दिव्यांगों के लिए प्रेरणा बन गए हैं। देश के पैरा एथलीटों को बढ़ावा देने के लिए इस माह 'खेलो इंडिया पैरा गेम्स' का आयोजन किया गया। इन खेलों में खिलाड़ियों के उत्साह और प्रदर्शन को देखकर लग गया कि अब वे किसी से पीछे रहने वाले नहीं हैं। इन खेलों के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि खेलोगे, तो खिलोगे। यह बात खिलाड़ियों को खिलते देखकर सही लगी।

इन खेलों में बिना हाथों वाली तीरंदाज शीतल देवी ने जैसा प्रदर्शन किया, उसकी कुछ साल पहले तक कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के दूरदराज स्थित लोई धार गांव में जन्मी शीतल के पैदाइशी दोनों हाथ नहीं हैं। आमतौर पर घरों में ऐसे बच्चों को अभिशाप मान लिया जाता था, पर अब लगता है, लोगों की सोच में बदलाव आ रहा है। कटरा में माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने तीरंदाजी अकादमी खोली हुई है। सेना के एक अधिकारी ने करीब दो साल पहले इस अकादमी के कोच कुलदीप को शीतल के बारे में बताया था। उसके लिए पैरों और छाती से चलाए जा सकने वाले धनुष का निर्माण किया गया और यह प्रयास एक ऐसे खेल सितारे को गढ़ने में सफल हो गया, जो दुनिया भर में भारत का नाम रोशन कर रहा है। शीतल ने खेलो इंडिया पैरा गेम्स में तो सफलता पाई ही है, अब उनका इरादा अगले साल पेरिस में होने वाले पैरालंपिक में पोडियम पर चढ़ना है।

खेलो इंडिया पैरा गेम्स में सफलता पाने वाले डिस्कस थ्रोअर योगेश कथूरिया हों, टेबल टेनिस स्टार भवीना पटेल, पारूल परमार या संदीप डांगी, सभी की कहानी रोमांच से भर देती है। सच तो यह है कि



इन खिलाड़ियों ने अपनी दिव्यांगता को अभिशाप मानने के बजाय खिलाड़ी बनकर राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगा फहराने का बीड़ा उठाया, इसलिए उनकी जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। अब आप कल्पना करें कि किसी को आठ साल की उम्र में लकवा मार जाए और वह अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बन जाए, यह क्या आसान है? पर योगेश ने ऐसा ही किया है। उन्होंने स्कूली दिनों से एथलीट बनने की ठान ली। स्कूली दिनों में समुचित प्रशिक्षण न मिल पाने पर दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज में प्रवेश मिलने पर अभ्यास शुरू किया और फिर नेहरू स्टेडियम के कोच सत्यपाल सिंह के प्रशिक्षण ने उन्हें विश्व स्तर पर पहुंचा दिया है।

हमारे यहां खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में शारीरिक दिव्यांगता का मजाक उड़ाया जाना आम बात है, लेकिन अब सोच का बदलना पूरे समाज के लिए बेहतरी की संकेत है। हांगझू पैरा एशियाई खेलों में बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीतने वाले कृष्णा नागर भी समाज की कुरीति का शिकार बने थे। वह कद-विकार के शिकार हैं, जिसके कारण उनकी लंबाई चार फुट और पांच इंच रह गई है। आस-पास के जो लोग अक्सर उनका मनोबल तोड़ने का प्रयास करते थे, उन लोगों के लिए भी कृष्णा आज चहेते बन गए हैं। दुनिया में पैरालंपिक खेलों की शुरुआत तो काफी पहले हो गई थी, पर भारतीय दल सिर्फ भाग लेने जाता था और लोग ध्यान भी नहीं देते थे। पैरा गेम्स में सफलताएं पाने वाले प्रमोद भगत ने पैरा एशियन गेम्स में पदकों का सैकड़ा लगने पर कहा था, यह स्थिति सालों के अथक प्रयासों के बाद बनी है। रियो पैरालंपिक 2016 में देवेंद्र झाझरिया और मरियप्पन थंगावेलू की स्वर्णिम सफलताओं ने देशवासियों का ध्यान इस तरफ आकर्षित किया और इस दिशा में सही प्रगति होने लगी।

भारत को पैरा गेम्स में आगे बढ़ाने में भारतीय पैरालंपिक कमेटी की दीपा मलिक की भी बड़ी भूमिका है। दीपा खुद बड़ी पैरा एथलीट हैं, उन्होंने जिम्मेदारी संभालने के बाद पैरा एथलीटों को वैज्ञानिक ढंग से प्रशिक्षण देने की शुरुआत की और सरकार से भी उन्हें पूरा समर्थन मिला। अब जब बड़ी उपलब्धियां हासिल होने लगी हैं, तब उनका लाभ पूरे भारतीय समाज को होने लगा है, किंतु यह तो एक शुरुआत भर है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# बदलाव की बयार से घाटी में जीवन संवार

हरीश मलिक

श्रीनगर एयरपोर्ट के बाहर ड्राइवरों का हुजूम है। आगन्तुक मेहमानों के नामों की तख्तियां हाथों में हैं। इन पर एक नजर डालें तो सत्तर फीसदी नाम हिंदू, दो-चार विदेशी और बाकी कश्मीर मूल के हैं। ये तख्तियां सिर्फ नामों का संकेत भर नहीं हैं, बल्कि बताती हैं कि कभी आतंक से जूझ रहा राज्य जम्मू-कश्मीर अब केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद किस तेजी से अमन की डगर पर आगे बढ़ चला है। यही वजह है कि धरती के स्वर्ग का दीदार करने के लिए यहां आने वाले पर्यटकों के आंकड़े नित नये रिकॉर्ड बना रहे हैं। जिन हाथों में तख्तियां हैं, उनमें अधिकांश युवा हैं और वे तहेदिल से अपने मेहमानों का इस्तकबाल कर रहे हैं। कभी युवाओं के हाथों में पत्थर-हथियार हुआ करते थे। मगर अब कश्मीर घाटी का युवा पत्थरबाजी-प्रदर्शन और हिंसा को छोड़कर शांति की बयार में रोजगार से जीवन संवार रहा है। अब उसके दिल में सिर्फ कश्मीर और कश्मीरियत की चाहत ही नहीं, बल्कि वह भारत को भी लख्ते-जिगर की तरह चाहता है। तभी तो आर्टिकल-370 के निरस्त होने के बाद बड़ी संख्या में कश्मीरी युवा भारतीय सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने को भी आतुर हैं।

जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल-370 और 35-ए को निरस्त किए जाने की चौथी सालगिरह के चार महीने बाद अब सुप्रीम कोर्ट ने संसद के फैसले पर संवैधानिक मुहर लगा दी है। लेकिन कश्मीर घाटी की आबोहवा संसद के फैसले के साथ ही बदलनी शुरू हो गई थी। पूरे जम्मू कश्मीर से सरहद तक अब आतंक की नहीं बल्कि तरक्की की बातें हो रही हैं। श्रीनगर के लाल चौक से लेकर गांवों-शहरों में सरकारी इमारतों और सरहद तक हर ओर तिरंगा लहरा रहा है। कश्मीर में अब सड़कों पर न पत्थरबाज दिखते हैं और न ही राष्ट्र विरोधी प्रदर्शन करने वाले। एक समय वह भी था जबकि पत्थरबाजी की घटनाएं आम होती थीं। यहां तक कि इनमें लोगों की मौत भी हो जाती थी। लेकिन आर्टिकल 370 खत्म होने के बाद पत्थरबाजी में लगातार कमी आई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, आतंकवादी-अलगाववादी एजेंडा के तहत 2018 में जहां 1767 संगठित पत्थर फेंकने की घटनाएं हुईं, वहीं इस साल ये नगण्य हैं।



कश्मीर घाटी में बदलाव की बयार के पीछे जो सबसे बड़ी वजह बने हैं, उन्हीं कुछ युवाओं से गुफ्तगू करते हैं तो फॉग की तरह बातें भी साफ होने लगी हैं। श्रीनगर से गुलमर्ग जाते हुए युवा वसीम आरिफसाफ-साफस्वीकार करते हैं कि केंद्र सरकार के निर्णय ने पिछले करीब साढ़े चार वर्षों में जम्मू-कश्मीर की तसवीर और यहां के लोगों की तकदीर बदलने का काम किया है। जम्मू-कश्मीर में चाहे जिस पार्टी की भी सरकार रही हो, जिस भी दल के नेता रहे हों, उन्होंने सिर्फ अपना और अपने परिवार का ही भला किया है। कश्मीर के अवाम, युवाओं के भविष्य और रोजगार पर कभी फोकस नहीं किया। रही-सही कसर कश्मीर पुलिस ने पूरी कर दी। उसने सिर्फ अपना गुड वर्क दिखाने और प्रमोशन पाने के लिए ऐसे-ऐसे निर्दोष युवाओं को पकड़ा, जिनका अपराध या आतंक से दूर-दूर तक वास्ता न था। वे बताते हैं कि इंडियन आर्मी ने कभी ऐसा काम नहीं किया, इसलिए हम कश्मीरी भारतीय फौज का बहुत सम्मान करते हैं। वसीम की ही बात को डल झील में शिकारे पर कहवा बेच रहा आदिल आगे बढ़ाता है। वो पढ़ाई कर रहा है और समय मिलने पर कहवा से कोचिंग फीस का खर्च निकाल लेता है। आदिल का लक्ष्य इंडियन आर्मी की सर्विस है। उसका चचेरा बड़ा भाई भी फौज में है।

गुलमर्ग के पढ़े-लिखे गाइड अमहद खान के मुताबिक, पहले तो अच्छी नौकरी के अभाव में ये हालात थे कि इंजीनियरिंग, पीएचडी करने के बाद भी युवा यहां किराये की गाड़ी चलाने को मजबूर थे। तब सियासतदानों को युवाओं के भविष्य से कोई लेना- देना नहीं था। लेकिन अब केंद्र शासित प्रदेश बनने, भारत सरकार के कानून और योजनाएं लागू होने से महिलाओं को अधिकार और युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने लगे हैं। यही वजह है कि अब युवा पत्थरबाजी या हथियार उठाने के बजाय अमन और खुद को आर्थिक रूप से समृद्ध करने के जतन कर रहा है।

आंकड़ों में बात करें तो उनकी बात सच के बेहद करीब है। कुछ इलाकों में आतंकी घटनाएं हो रही हैं, लेकिन सुरक्षा बलों के सख्त रुख के चलते ज्यादातर अलगाववादी और उनके मददगार गायब होने लगे हैं। बदले हालात में एलओसी पर भी शांति है और सरहद पार की बंदूकें खामोश हैं। आतंकी घटनाओं के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस की नीति, चाक-चौबंद सुरक्षा बंदोबस्त के चलते आतंकियों ने घुटने टेक दिए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, साल 2018 से 2022 के बीच आतंकी गतिविधियों में 45.2 फीसदी की कमी आई है। आतंकी भर्ती से भी युवाओं ने मुंह मोड़ लिया है। यह आंकड़ा 2018 में 199 था, जो 2023 में घटकर सिर्फ12 रह गया है। यही नहीं इससे घुसपैठ पर भी करारा प्रहार हुआ। घुसपैठ की घटनाएं भी 2018 में 143 के मुकाबले 2022 में सिर्फ 14 ही रह गई हैं।

श्रीनगर से पहलगाम जाते हुए कश्मीरी केसर के खेतों के पास झेलम प्लाजा में बादामवीर शोरूम के मालिक आफताब आर्टिकल 370 के खातमे पर सुप्रीम कोर्ट की मुहर लगने से खुश हैं। वे कहते हैं कि इस फैसले से पहले अलगाववादियों की शह पर सूबे में होने वाले बंद, हड़ताल और पत्थरबाजी से न केवल राज्य की आर्थिक सेहत पर बल्कि पूरे समाज पर बुरा असर पड़ता था। तब स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, और इंडस्ट्रीज का बंद होना रोज की बात थी। लेकिन अब स्कूल, कॉलेज और व्यापार बदस्तूर चल रहे हैं। यहां के छात्र और व्यापारी वर्ग देश की मुख्यधारा से जुड़ते दिख रहे हैं। दरअसल, ऐसा इसलिए भी संभव हुआ है, क्योंकि सरकार ने जनता की बेहतरी की कई योजनाएं शुरू की हैं। घाटी में औद्योगिक विकास के लिए केंद्र ने 28400 करोड़ रुपये का बजट रखा है। आर्थिक नीति का असर है कि जम्मू-कश्मीर में 78000 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के प्रस्ताव आ चुके हैं। इस निवेश और आर्टिकल 370 के खातमे से निश्चित रूप से युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़







## खास खबर

### राष्ट्रगान से शुरू होगा कलेक्ट्रेट में काम-काज

**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने एक अभिनव पहल की है। अब से कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ में अनुशासन, समय की पाबंदी और अधिकारी-कर्मचारियों के बीच टीम स्पिरिट की भावना बढ़ाने के उद्देश्य से काम-काज प्रात: 10 बजे राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ होगा। आज 20 दिसंबर से इसकी शुरुआत हुई। कलेक्टर कार्यालय में स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के साथ जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रगान गायन के पश्चात अपने कार्यालयों में काम प्रारंभ किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पांडेय, ज्वाइंट कलेक्टर डी.आर.रात्रे, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा, डिप्टी कलेक्टर रमेश मोर, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ऋ तु हेमनानी, सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रभु यीशु के जन्मोत्सव के पूर्व उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने मसीही समाज ने निकाली रैली

**कोरबा।** प्रभु यीशु के जन्मोत्सव के पूर्व उनके संदेशो को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य को लेकर बुधवार को मसीही समाज ने रैली निकाली। कोरबा चर्चेसे वेलफेयर एशोसिएशन के तत्वाधान मे निकाली गई रैली में समुदाय के लोगों ने बढ़ चढ़कर भागीदारी निभाई। रैली मिशन रोड स्थित मेनोनाइट चर्च से शुरू होकर घंटाघर चैक में समाप्त हुआ। मसीहियों का प्रमुख त्यौहार बड़ा दिन क्रिसमस पर्व के लिए गिरजाघरों में तैयारी उत्कर्ष पर है। पर्व के आयोजन को लेकर बाजार की रंगत निखरने लगी है। बुधवार को प्रभु के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने व समुदाय के एकता को दर्शाते रैली निकाली गई। रैली का समुदाय के लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया। क्रिसमस पर्व के आगमन को लकर प्रभु यीशु की भक्तिमय स्वागत के लिए मसीहियों में उल्लास देखा गया। बताना होगा कि इन दिनों गिरजाघरों में उत्सव का वातावरण बना हुआ है। सांस्कृतिक आयोजनों में प्रभु यीशु के जन्म से जुड़े कथानक का नाट्य रूपांतरण किया जा रहा है। खीष्ट के जन्मोत्सव के लिए चरनी की सजावजट की जा रही है। मुक्ति का पथ प्रदर्शक परमेश्वर का दुलारा प्रभु यीशु हम सबका प्यारा जैसे कैरोल गीतों की गूंज मसीहियों के लिए आनंद दायनी बनी हुई है। शहर के गिरजाघरों में विविध आयोजन में शामिल होने के लिए ग्रामीण अंचल के मसीही सरीक हो रहे हैं। गिरजाघरों में पर्व आयोजन के लिए तैयारी जारी है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा: भारत सरकार के संयुक्त सचिव ने शिविर में पहुंच लिया जायजा

# ड्रोन से खाद, दवा छिड़काव डेमो देखकर किसान आधुनिक खेती करने हुए प्रेरित

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। रायपुर जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर धरसीवां जनपद अंतर्गत ग्राम परसतराई में विधायक अनुज शर्मा भी उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने सभी विभागों से आग्रह किया कि वह अपनी योजनाओं की जानकारी लेकर संकल्प यात्रा में आए। श्री शर्मा ने प्रत्येक हितग्राही वर्ग का कार्य समय पर नियम अनुसार करने और प्रधानमंत्री जी की जितनी भी योजनाएं हैं उनका हर वर्ग को लाभ दिलाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

साथ ही उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में ज्यादा से ज्यादा भाग लें और योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठाए। कार्यक्रम में शामिल होने विशेष रूप से आये भारत सरकार के संयुक्त सचिव, अमिताभ कुमार, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे के साथ शिविर में उपस्थित हुए। श्री कुमार ने शिविर में मौजूद भीड़ की तारीफ़ करते हुए कहा कि ऐसी उत्साहित और अपने अधिकार एवं सरकारी योजनाओं को जानने की इच्छुक भीड़ को देखकर यकीन होता है की भारत जल्द ही 'विकसित भारत' बन जायेगा और प्रधानमंत्री जी का 2047 का विकसित भारत का सपना अवश्य पूरा होगा।

देशभर में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में हर दिन शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से सुदूर गाँव के कोने कोने तक केंद्र सरकार की



योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। इस कड़ी में बुधवार को भी रायपुर जिले में अभनपुर जनपद पंचायत के ग्राम मोखेतरा एवं तामासिवनी, आरंग जनपद पंचायत के ग्राम अमेरी, कठिया, डिघारी एवं खौली, धरसींवा जनपद पंचायत के बरतनारा, परसतराई, धरसींवा, तिवरैया, बरतोरी (को) एवं मढ़ी, और बलौदा बाजार जनपद पंचायत के ग्राम सुगेंरा एवं लखना इस तरह कुल 14 जनपद पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 12 हजार से ज्यादा लोगों ने उपस्थित होकर केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी ली।

अभनपुर में आज लगाये गए शिविरों में 4500 से ज्यादा ग्रामीण उपस्थित हुए। इनमें से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लिए 386 आवेदन, प्रधानमंत्री जनधन योजना हेतु 18 आवेदन, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना हेतु 61 आवेदन एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए 52 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में लगभग 800 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत अपना अनुभव भी साझा किया।

धरसीवां की श्रीमती मानसी धीरज ने बताया कि वो बिहान की एक सक्रीय कार्यकर्त्ता रही हैं। उन्होने गाँव में घूम घूम कर महिलाओं को स्व-सहायता समूह में जोड़ने से शुरुवात की जिसके बाद वो बैंक मित्र भी बनी। आज भी वो बिहान द्वारा दी जाने वाली सभी जिम्मेदारियां पूरी करती हैं जिससे उन्हें अच्छी आय होती है। ग्राम धरसीवां की सरपंच आमना बी स्वयं शिविर में मौजूद थी। खुद उज्जवला कनेक्शन के लिए आवेदन देने के साथ ही वो अन्य महिलाओं को भी शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही थी। शिविर में 'प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना' के प्रति ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला।

### कृषि ड्रोन डेमो से गाँव में आधुनिकता का परिचय

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के दौरान ग्राम धरसीवां मे भारत सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी अमिताभ कुमार की उपस्थिति में कृषि ड्रोन का भी प्रदर्शन किया गया। इसके माध्यम से स्थानीय किसानों को आधुनिक और उन्नत तकनीक के साथ जोड़ने का संकेत दिया गया। डेमोन्स्ट्रेशन में गाँव के किसानों को यह बताया गया कि कृषि ड्रोन किस प्रकार से खेती के कई कार्यों में सहायक हो सकता है। इस दौरान ड्रोन द्वारा खेत में पेस्टिसाइड छिड़काव करने का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने अपने सवाल भी पूछे जिसपर ड्रोन ऑपरेटर श्री रमन्ना ने बताया कि ड्रोन के उपयोग से न केवल काम की गति में तेजी आएगी वहीं किसानों का समय भी बचेगा। जहां मानवीय तरीके से एक एकड़ में दवाई डालने में पूरा दिन लग जाता है वहीं ड्रोन की मदद यह कार्य मात्र 15 मिनट में पूरा किया जा सकता है।

## फसल बीमा रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

जांजगीर-चांपा। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कलेक्ट्रेट परिसर में आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। फसल बीमा रथ जिले के सभी विकासखंडों में भ्रमण कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

सहायक संचालक उद्यान श्रीमती रंजना मखीजा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन के लिए जारी दिशा-निर्देशों के आधार पर वर्ष 2023-24 रबी मौसम के लिए जिले के समस्त विकासखण्डों में पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। उद्यानिकी फसलों में रबी मौसम के लिए उद्यानिकी फसल- टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू फसल को अधिसूचित किया गया है। इस योजना में ऋणी कृषक (भू-धारक एवं बटाईदार) तथा अऋणी कृषक (भू-धारक एवं बटाईदार) लाभ ले सकते है। कृषकों को बीमा कराने हेतु फसलों के अनुसार निर्धारित बीमित राशि का 5 प्रतिशत् प्रीमियम कृषक अंश राशि के रूप में जमा करना होगा। रबी मौसम के दौरान किसी भी प्रकार के अधिक वर्षा, ओलावृष्टि, अधिक तापमान, सूखा, बीमारी अनुकुल मौसम की नौबत आती है तो फसल बीमा के अनुसार किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। बीमा आवेदन की अंतिम तिथि रबी मौसम के लिए 31 दिसम्बर 2023 निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि निर्धारित समय-सीमा में उद्यानिकी फसलों का बीमा ऑनलाईन के माध्यम से किसान करवा सकते है। उल्लेखनीय है कि टमाटर फसल की बीमा राशि 01 लाख 20 हजार रूपए है जिसमें किसान द्वारा देय प्रीमियम राशि 06 हजार होगी उसी प्रकार बैगन की बीमा राशि 77 हजार रू. एवं किसान द्वारा देय प्रीमियम राशि 03 हजार 850, फूलगोभी, प्याल फसल की 80 हजार बीमित राशि 4 हजार प्रीमियम राशि एवं आलू फसल का बीमा राशि 1 लाख 20 हजार प्रीमियम राशि 6 हजार बीमा कराने हेतु कृषक लोक सेवा केन्द्रों तथा एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया के अधिकृत प्रतिनिधियों से बीमा करवा सकते है।

## सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में रेलवे की महिला टीम ने कांस्य पदक जीता

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। 85वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन गुवाहाटी में दिनांक 18 दिसंबर 2023 से किया गया है। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की महिला बैडमिंटन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। भारतीय रेलवे की विजेता टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 02 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया एवम पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई है।




इन महिला बैडमिंटन खिलाडियों में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की दीक्षा एवं के. प्रीती शामिल हैं। ये दोनों खिलाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में क्रमश: कनिष्ठ लिपिक, कार्मिक विभाग एवं कनिष्ठ लिपिक, अभियांत्रिकी विभाग में कार्यरत है।

भारतीय रेलवे के साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा हमेशा से खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाता रहा है । इसी का परिणाम है कि आज इन महिला खिलाड़ियों ने भारतीय रेलवे के साथ ही साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भी नाम रौशन किया है । इसके साथ ही साथ दक्षिण पूर्व रेलवे की अन्य खिलाड़ियों ने भी विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अपनी छाप छोड़ी है ।

भारतीय रेलवे की महिला बैडमिंटन टीम एवं उसमें शामिल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन एवं उपलब्धि पर महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अधिकारियों द्वारा बधाई दी गई है तथा भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया है ।

## जैसलमेर के पाषाण से निर्मित होगा 150 वर्ष पुराना दिगंबर जैन मंदिर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** श्री दिगंबर जैन मंदिर मालवीय रोड में लगभग 150 वर्ष पुराने मंदिर का पुनर्निर्माण भूमि पूजन का कार्य आचार्य विद्यासागर महाराज के मंगल आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन से संपन्न हुआ। ट्रस्ट कमेटी के मेनेजिग ट्रस्टी नरेंद्र जैन गुरुकृपा एवं ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष संजय जैन नायक ने बताया कि मालवीय रोड स्थित दिगंबर जैन मंदिर में जैसलमेर के पीले पत्थरो से 171 फुट ऊंचे शिखर का 3 मंजिला मंदिर त्रिकाल चौबीसी सस्त्रकुट जिनालय बनाना तय हुआ है साथ संत निवास सर्व सुविधा युक्त धर्मशाला पार्किंग एवं सुन्दर गार्डन का निर्माण कार्य भी किया जायेगा इस अवसर



पर दिगंबर जैन समाज के नागरिक उपस्थित थे। आचार्य विद्यासागर महाराज की आहार दान देने का सौभाग्य नरेंद्र जैन गुरुकृपा परिवार राजेश रज्जन जैन एवं प्रदीप जैन दैनिक विश्वपरिवार वालो को प्राप्त हुआ।

अध्यक्ष संजय जैन नायक ने बताया कि आचार्य विद्यासागर महाराज जी ने 1967 में आचार्य देश भूषण महाराज से ब्रह्मचर्य व्रत ले लिया था। कठिन साधना का मार्ग पार करते हुए 22 साल की उम्र 30 जून 1968 को अजमेर में आचार्य ज्ञान सागर महाराज से मुनि दीक्षा ली। 22 नवंबर 1972 को अजमेर में ही आचार्य की उपाधि देकर मुनि विद्यासागर से आचार्य विद्यासागर बना दिया एक आचार्य पारंपरिक रूप से निषिद्ध (जैसे आलू प्याज कंद मूल) के अलावा नमक, चीनी, फल, दूध मेवे का सेवन नहीं करते है। वह अपने हाथ की हथेली में एक दिन में एक बार भोजन जल ग्रहण करते है, एक समय में एक निवाला लेते है । इसके अलावा तेल घी हरी सब्जी चटाई आदि का भी त्याग है आचार श्री सिर्फलकड़ी के तख्त पर एक ही करवट सोते है पूरे दिन में केवल एक ही बार आहार जल लेते है उनके विहार मतलब किस ओर जाना है वह भी पहले से तय नही होता अनीयत विहार के नाम से जाने जाते है सड़क मार्ग में निरंतर पद यात्रा कर विहार करते है आचार्य श्री द्वारा वर्तमान में भारत देश के कई जगह प्रतिभा स्थली के नाम से शिक्षण संस्थान स्वावलंबन बनाने हेतु सूती वस्त्रों के हाथ कारघा केंद्र स्वास्थ लाभ हेतु औषधि निर्माण केंद्र एवं गौशाला का कार्य उनके मार्गदर्शन से चल रहा है आचार्य श्री द्वारा अनेक साहित्य का सृजन किया गया है जिस पर कई विश्वविधालयो में शोध भी चल रहा है आचार्य श्री द्वारा संयम के मार्ग पर चलने वाले व्रतियों को मुनि दीक्षा देकर दीक्षित किया है आचार्य श्री के मंगल आशीर्वाद से कई जगहों पर जैन तीर्थ स्थलों का पुनर्निर्माण एवं नए मंदिरों का निर्माण व पुराने मंदिरों का नवीनीकरण वर्तमान में किया जा रहा है।

## देश को 2047 तक विकसित बनाने की दिलाई शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल के निर्देशन में एवं बीईओ पंडित भारद्वाज, एबीईओ मनोज साहू के मार्गदर्शन में शा. माध्यमिक शाला पतरापाली में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में सर्वप्रथम सभी छात्रों एवं शिक्षकों ने भारत को 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का शपथ लिया। कार्यक्रम प्रभारी योगेश साहू ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे भारत में, एक परिवर्तनकारी अभियान चल रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा, आशा का एक जीवंत कारवां है। यह सभी भारतीयों के घरों तक सशक्तिकरण और उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में नागरिकों के बीच जागरूकता पैदा करना और योजनाओं के शत प्रतिशत संतृप्ति के लिए ''जनभागीदारी'' की भावना में उनकी भागीदारी को सुनिश्चित करना है।

## मुख्यमंत्री साय ने श्री कृष्ण जन्मस्थान समाचार पत्र पुस्तक का किया विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज यहां राज्य अतिथि गृह पहुना में वरिष्ठ इतिहासकार आचार्य रमेन्द्रनाथ मिश्र ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और वरिष्ठ साहित्यकार पंडित सुंदरलाल शर्मा की जयंती के अवसर पर आचार्य श्री मिश्र द्वारा पुन: संपादित एवं संयोजित श्री कृष्ण जन्मस्थान समाचार पत्र नामक पुस्तक का विमोचन किया।



गौरतलब है कि सामाजिक परिवर्तन के प्रणेता रहे पंडित सुंदरलाल शर्मा ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 1922-23 में जेल से हस्तलिखित श्री कृष्ण जन्म स्थान समाचार पत्र निकाला था। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ इतिहासकार आचार्य रमेन्द्रनाथ मिश्र ने श्री कृष्ण जन्मस्थान समाचार पत्र को किताब के रूप में संकलित एवं संयोजित किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आचार्य श्री मिश्र को पंडित सुंदरलाल लाल शर्मा द्वारा हस्तलिखित कृष्ण जन्मस्थान समाचार पत्र को सहेजकर पुन: संपादन के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने पंडित सुंदरलाल शर्मा को उनकी जयंती के अवसर पर नमन करते हुए कहा कि इस महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कृति के संकलन से युवा पीढ़ी को अपने पुराधाओं के संघर्ष और उनके योगदान को जानने-समझने का अवसर मिलेगा।






## खास खबर...



### 'रामराज्य युवा यात्रा' के आयोजकों ने मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राज्य अतिथि गृह पहुना में 'रामराज्य युवा यात्रा' के आयोजकों ने सौजन्य मुलाकात कर उन्हें यात्रा में शामिल होने का आमंत्रण दिया। आयोजकों ने मुख्यमंत्री को बताया कि श्रीलंका से 'रामराज्य युवा यात्रा' 15 दिसंबर से श्रीलंका से निकली ये यात्रा 19 जनवरी को अयोध्या पहुंच रही है। अयोध्या में 24 जनवरी तक यात्रा से जुड़े अनुभूतियों और चित्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। 44 दिन में 10 हजार किलोमीटर के मार्ग में 8 राज्य, कई नगरों व गांवों में विभिन्न कार्यक्रम होंगे, जिसमें उस स्थान के वीडियो बना कर दिखाना, पूजा-पाठ, भजन, प्रवचन, सत्संग से संदेश दिया जाएगा। इस एतेहासिक यात्रा का नेतृत्व प्रदोष सुरेश चह्वाण के कर रहे हैं। यात्रा का मार्गदर्शन रामायण सर्किट के अध्यक्ष डॉ. रामअवतार शर्मा कर रहे है, जो इस मार्ग पर पूर्व में ही 18 बार यात्रा कर चुके हैं और अपना पूरा जीवन श्रीराम वनगमन पथ की खोज और शोध पर समर्पित कर दिया है। यात्रा में देशभर की अनेक विभूतियां शामिल होंगी।

### मुख्यमंत्री ने ठाकुर प्यारेलाल सिंह की जयंती पर उन्हें किया याद

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ठाकुर प्यारेलाल सिंह की 21 दिसम्बर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने ठाकुर प्यारेलाल सिंह के छत्तीसगढ के लिए अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा है कि ठाकुर साहब छत्तीसगढ़ में सहकारी आंदोलन के पुरोधा के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने न सिर्फ गरीबों की सेवा की बल्कि उनके अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। वे छात्र जीवन से ही स्वाधीनता आंदोलनों से जुड़े। छत्तीसगढ़ में छात्रों को संगठित रूप से आंदोलनों से जोड़ने का श्रेय भी ठाकुर साहब को जाता है। उन्होंने अत्याचार और अन्याय के विरोध में अपनी आवाज बुलंद की और जन असंतोष को संगठित दिशा प्रदान की। राजनांदगांव में मिल मजदूरों को संगठित कर ठाकुर प्यारेलाल सिंह ने कुशल नेतृत्व प्रदान किया। उन्होंने जन-जागरण के लिए भी कई काम किये। उनके योगदान हमेशा याद किये जाएंगे।

### सुशासन दिवस पर अटल संध्या का आयोजन

**रायपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के मौके पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल संध्या का आयोजन होगा। इसके अंतर्गत कवि सम्मेलन, अटल जी की कविता पाठ, अटल विचार संगोष्ठी, निबंध स्पर्धा का आयोजन तथा अटल जी के जीवन पर प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा सुशासन दिवस के आयोजन के संबंध में सभी जिला कलेक्टरों, नगरीय निकायों के आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जारी निर्देश में कहा गया है कि सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 को आयोजित कार्यक्रम में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों आम जनता की गरिमामय उपस्थिति में प्रातः 10 बजे अटल चौक में प्रारंभ किया जाए। 'सुशासन दिवस' के अवसर पर अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्जवलन पश्चात उपस्थित निर्वाचित जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता द्वारा नगरीय निकायों में 'सुशासन स्थापित' करने का संकल्प भी लिया जाए।

नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा जिला कलेक्टरों, नगरीय निकाय के आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से सुशासन दिवस आयोजन के संबंध में जिले के समस्त निगम, पालिका, पंचायतों को तत्काल आवश्यक निर्देश जारी करने कहा गया है।

### मोवा ओवरब्रिज पर दोनों तरफ बनेंगे डिवाइडर, सिग्नलों पर जाम से मिलेगी निजात

# मोर रायपुर एप्प में टो-व्हीकल ट्रैकिंग और व्हीकल इन्फारमेशन टैग सुविधाएं होंगी शुरू

### कलेक्टर डॉ. भुरे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में रायपुर शहर में यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जरूरी उपायों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल और नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी की मौजूदगी में हुई इस बैठक में मोवा ओवरब्रिज पर दोनों ओर 50-50 मीटर डिवाइडर बनाने पर सहमति हुई।




इस ब्रिज पर दोनों तरफ के चौराहों पर रेड सिग्नल की स्थिति में बड़ी संख्या में वाहन बेतरतीब तरीके से रूकने के कारण जाम की स्थिति बनती है। दोनों तरफ 50-50 मीटर डिवाइडर बन जाने से सिग्नल रेड होने पर वाहन चालक व्यवस्थित रूप से अपनी-अपनी तरफ रूकेंगे और जाम की स्थिति से निजात मिलेगी। इस बैठक में एडीएम एन आर साहू, डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह, एसडीएम देवेन्द्र पटेल सहित लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में भाटागांव चौक से लेकर काठाडीह चौक हनुमान मंदिर और अवंती बाई चौक से क्रिस्टल आर्केड तक डिवाइडर बनाने अथवा सड़क को दाहिने-बाएं ट्रैफिक के लिए बीच से विभाजित करने मार्कर आदि लगाने पर भी विचार किया गया। इसी प्रकार सघन आबादी क्षेत्र पचपेड़ी नाका से सरोना ओवरब्रिज तक भी डिवाइडर को तीन फीट ऊँचा करने की भी जरूरत बतायी गई। कलेक्टर डॉ. भुरे ने इसके लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने शंकर नगर रोड, मालवीय रोड, एमजी रोड, बिलासपुर रोड, पुरानी बस्ती और कटोरा तालाब रोड पर विशेष रूप से दुकान के बाहर सामान निकालकर रखने और दुकानदारी करने वाले व्यापारियों तथा ठेले-खोमचों वालों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने शंकर नगर एक्सप्रेसवे ब्रिज के नीचे, पंडरी एक्सप्रेसवे ब्रिज के नीचे और कमल विहार चौक पर जल्द से जल्द विद्युत सिग्नल शुरू करने के निर्देश भी दिए। डॉ. भुरे ने शहर के चौक-चौराहों में फ्री लेफ्ट टर्न के लिए लगाए गए स्प्रिंग पोस्ट चैनेलाइजरों के क्षतिग्रस्त होने पर भी चिंता जताई तथा क्षतिग्रस्त स्प्रिंग पोस्टों की मरम्मत करने या नए स्प्रिंग पोस्ट लगाने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

मोर रायपुर एप्प में नये साल से शुरू होंगी यातायात संबंधी नई सुविधाएं- बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी के तहत संचालित मोर रायपुर एप्प में दो नई सुविधाएं भी शुरू करने पर सहमति हुई। नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों को उठाने और उन्हें संबंधित थाना ले जाने की ट्रैकिंग के लिए मोर रायपुर एप्प में टो-व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम एवं व्हीकल इन्फार्मेशन टैग सुविधा शुरू किया जाएगा। ऐसी नो पार्किंग जोन में खड़ी गाड़ियों को टो-व्हीकल द्वारा उठाने पर संबंधित वाहन चालक अपनी गाड़ी के प्राप्ति स्थल की जानकारी मोबाईल पर ही ले सकेंगे और निर्धारित स्थान पर जाकर जुर्माना पटाकर अपनी गाड़ी छुड़ा सकेंगे। संभवतः यह दोनों सुविधाएं नगर वासियों को नए वर्ष की शुरूआत से ही मिलने लगेंगी।

### धान बोनस वितरण के संबंध में मुख्य सचिव ने संभागायुक्तों एवं कलेक्टरों की वीडियों कॉन्फ्रेंस से ली बैठक

# प्रधानमंत्री आवास योजना एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा पर दिये गये दिशा-निर्देश

### 25 दिसम्बर को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंत्रालय महानदी भवन से राज्य के संभागायुक्त एवं कलेक्टरों की वीडियो कॉन्फ्रेंस से बैठक ली। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के परिपालन में राज्य के किसान भाईयों के बकाया धान बोनस की राशि के भुगतान और विकसित भारत यात्रा संकल्प यात्रा और प्रधान मंत्री आवास योजना के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने आगामी 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित सुशासन दिवस की तैयारियां और घोषणा पत्र के परिपालन में दो वर्ष के बकाया धान बोनस राशि वितरण के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा है कि धान बोनस वितरण का कार्यक्रम नई सरकार का सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला अधिकारियों को पूरी सतर्कता, गंभीरता एवं तत्परता से कार्य करने कहा है। मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए जरूरी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि छत्तीगसढ़ में 18 लाख हितग्राहियों लाभान्वित किया जायेगा। मुख्य सचिव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभिन्न स्थानों पर आयोजित शिविरों में राष्ट्रीय कार्यक्रमों के तहत ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों को लाभान्वित करने कहा है। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, कृषि विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह और सहकारिता विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता सहित विभागीय सचिव व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजयुमो संकल्प लें, सभी 11 लोकसभा सीटें मोदी को उपहार में देंगेः सीएम विष्णुदेव साय

### भाजयुमो की मंडल सशक्तिकरण कार्यशाला सम्पन्न

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की मंडल सशक्तिकरण कार्यशाला बुधवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सम्पन्न हुई। भाजपा क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अर्पिता बड़ाजेना, प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अमन दीप सिंह, भाजयुमो प्रदेश प्रभारी आलोक डंगस, दीप ज्योति मुंड द्वारा माँ भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का उद्धघाटन किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ भाजपा की सरकार बनाने भाजयुमो के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने भाजपा पर विश्वास किया है, हर वादे को पूरा करना है। एक छोटा सा कार्यकर्ता आज मुख्यमंत्री बना है। ये सिर्फ भाजपा में ही संभव है। पार्टी सब का काम देखती है। समय के अनुसार उसका ध्यान भी रखती है। हम चुनाव जीते हैं, इसमें मोदी की गारंटी का बहुत बड़ा योगदान है। सबका साथ लेकर सबका विकास हमको करना है। मोदी का भरोसा जनता में बरकरार रखना है। मोदी की गारंटी पांच साल में पूर्ण होगी। पहली कैबिनेट में गरीबों को मकान देने का काम हमने किया है। मोदी की गारंटी में 12 लाख किसानों को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर दो साल का बोनस दिया जाएगा। महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं ने जो योगदान दिया है उसके तहत 12000 रुपये प्रति साल देने की योजना जल्द लागू होगी। पीएससी घोटाला में उच्च स्तरीय जांच होगी। उन्होंने भाजयुमो को संकल्प दिलाया कि छत्तीसगढ़ में 11 की 11 लोकसभा सीट लाना है। विकसित भारत के रथ में सहभागी बन के जनता तक पहुंचना है। 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है जिसमें हमारी पूर्ण भूमिका है, जनता तक इसकी जानकारी देना है।




उप मुख्यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि हमने बहुत सोच विचार के भाजयुमो की टीम बनाई है। इस टीम को 10 साल तक लोग याद रखेंगे। भाजयुमो को योजना बनानी होगी। जहां हारे हैं वहां और मेहनत कर के लोकसभा में जीत सुनिश्चित करना होगा। कार्यकर्ता अगर ठान लें तो कोई भाजपा को नहीं हरा सकता। मंडल सशक्तिकरण अभियान पर विशेष ध्यान सभी 11 लोकसभा क्षेत्र में योजनाबध्द तरीके से केंद्रित करना होगा। हर वर्ग हर समाज तक भारत सरकार की उपलब्धि पहुंचाना है। सेवा रचनात्मक कार्य से युवाओं को अपने साथ जोड़ना है। पार्टी के विकसित भारत संकल्प में पूरी ताकत के साथ भाजयुमो को प्रदेश में लगना है।

# प्रधानमंत्री की 'परीक्षा पे चर्चा' जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में

### कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, शिक्षक तथा अभिभावक करा सकते हैं नामांकन



### कार्यक्रम हेतु नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ

### नामांकित प्रतिभागियों को प्रेषित किया जायेगा सहभागिता पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी तनाव से दूर रखने हेतु सत्र 2023-24 हेतु लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का सप्तम चरण जनवरी माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। स्कूल शिक्षा विभाग के राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा द्वारा सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मिशन समन्वयकों से कहा गया है कि परीक्षा पे चर्चा तथा इसमें अधिक से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक तथा अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु समय-सीमा का ध्यान रखते हुए समस्त विद्यालयों को इस हेतु निर्देशित करें।

इस कार्यक्रम हेतु नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी, शिक्षक तथा अभिभावक इस कार्यकम में 05 वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का उत्तर देकर अपना नामांकन करा सकते हैं। इसके लिए वेबसाईट https://innovateindia.mygov.in/ppc-2024/ के माध्यम से समस्त जिले शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों का नामांकन समूह में शिक्षकों द्वारा भी किया जा सकता है। नामांकन के साथ-साथ विद्यार्थी, शिक्षक एवं अभिभावक प्रधानमंत्री से अपने पूछे जाने वाले प्रश्न भी प्रेषित कर सकते हैं। चयनित प्रश्नों का उत्तर प्रधानमंत्री द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' पर आयोजित जीवंत कार्यक्रम में दिया जाएगा। नामांकित प्रतिभागियों को सहभागिता पत्र प्रेषित किया जायेगा।

## डॉ. नायक बनी रहेंगी महिला आयोग की अध्यक्ष, हाईकोर्ट से मिला स्टे

**रायपुर।** राज्य महिला आयोग की मौजूदा अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक इस पद पर बनी रहेंगीं। इसी साल जुलाई माह में उनका कार्यकाल बढ़ाया गया था, जो कि 3 वर्ष का है। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद निगम-मंडल और आयोग के अध्यक्षों को तत्काल पद से मुक्त करने सामान्य प्रशासन विभाग ने एक पत्र जारी किया था। इस आदेश के बाद डॉ. नायक ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। बुधवार को डॉ. नायक की याचिका पर तत्काल सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के जस्टिस चंद्रवंशी ने किसी भी प्रकार की जबरिया कार्रवाई पर रोक लगा दी है। अब वह जुलाई 2026 तक महिला आयोग के अध्यक्ष के रूप में बनी रहेंगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# सर्दियों में वजन बढ़ना नॉर्मल है या किसी बीमारी का कारण?



सर्दियों के मौसम में खान-पान का अपना ही मजा है। इस मौसम में तरह-तरह की सब्जियां बाजार में आ जाती हैं जिनसे हम कई तरह के स्वादिष्ट व्यंजन बनाते हैं। इस मौसम में सुबह के नाश्ते में पराठे ज्यादातर लोगों के घरों में बनने लगता है। गोभी पराठे, आलू पराठे, मेथी पराठे, पालक पराठे आदि कई वेराईटी के लोग स्वादिष्ट पराठे बनाकर खाना पसंद करते हैं। यही नहीं इस मौसम लोग हलवा खुब पसंद से खाते हैं। इसके साथ चाय और कॉफी का भी मजा ज्यादा लेते हैं। ऐसे में इस मौसम में अधिकतर लोगों को वजन बढ़ जाता है। कई बार लोगों को समझ नहीं आता है कि सर्दियों के मौसम में वजन क्यों बढ़ जाता है। सर्दियों में वजन बढ़ना नार्मल है। आइए जानते हैं यहां?

### शारीरिक गतिविधियां कम

सबसे पहली वजह यह है कि सर्दियों में हम अक्सर घर पर ही रहते हैं। ठंढी हवाओं से बचने के लिए हम बाहर टहलने-फहलने नहीं जाते। इससे हमारी शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती हैं।

### ज्यादा कैलोरी लेना

दूसरा कारण यह है कि हम गर्म और तेलीय भोजन जैसे मोटर, गाजर का हलवा, पराठे आदि अधिक खाने लगते हैं जिससे कैलोरी की मात्रा बढ़ जाती है। सर्दियों के मौसम में हमारी खान-पान की आदतें बदल जाती हैं। इस मौसम में हम गर्म और पौष्टिक भोजन की ओर अधिक आकर्षित होते हैं। इस प्रकार सर्दियों में हम जो भोजन करते हैं उसमें कैलोरी की मात्रा सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक होती है।आवश्यकता से अधिक कैलोरी का सेवन करने से वजन तेजी से बढ़ने लगता है।

### मेटाबॉलिज्म धीमा होना

सर्दियों में हमारा मेटाबॉलिज्म यानी चयापचय क्रिया धीमी पड़ जाना भी एक कारण है कि हम अधिक कैलोरी ले लेते हैं। इसे हम इस प्रकार लिख सकते हैं।सर्दियों की ठंड के कारण हमारे शरीर का तापमान गिर जाता है। इससे हमारी कोशिकाओं में होने वाली रासायनिक प्रतिक्रियाएं यानी चयापचय क्रियाएं धीमी पड़ जाती हैं।

### सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर

सर्दियों के मौसम में कई लोगों को सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर की समस्या होती है। इस विकार की वजह से व्यक्ति को सतत उदासी, अवसाद और सुस्ती जैसे लक्षण महसूस होते हैं। साथ ही भूख में भी परिवर्तन आता है। ऐसे लोग भोजन में रुचि कम हो जाने या ज्यादा खाने की आदत डाल लेते हैं। इससे वजन बढ़ने लगता है।

## कैटरीना कैफ की 'मैरी क्रिसमस' का ट्रेलर रिलीज, विजय सेतुपति के साथ सस्पेंस थ्रिलर में रोमांस का तड़का लगाती दिखीं एक्ट्रेस

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की फिल्म मेरी क्रिसमस की रिलीज लंबे समय से अटकी हुई है। पहले यह फिल्म पिछले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी। तब यह फिल्म टल गई और चर्चा थी कि यह क्रिसमस, 2023 के मौके पर आ सकती है। हालांकि, डंकी और सालार की भिड़ंत के बीच यह फिल्म गायब ही हो गई। अब बिना किसी शोर-शराबे के फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है।

श्रीराम राघवन की मेरी क्रिसमस एक क्राइम थ्रिलर फिल्म है। ट्रेलर में नजर आ रहा है कि फिल्म एक रहस्यमई रात की कहानी है। फिल्म में कैटरीना और सेतुपति के किरदार क्रिसमस की शाम मिलते हैं और साथ में वक्त गुजारने का फैसला करते हैं।यह रात उनके लिए सबसे काली रात साबित होती है, जहां दोनों की जान



पर बन आती है। ट्रेलर से साफ है यह एक रोमांचक फिल्म होगी।

मेरी क्रिसमस 12 जनवरी को हिंदी और तमिल में रिलीज होगी। इसका निर्देशन बदलापुर और अंधाधुन जैसी फिल्मों का निर्देशक कर चुके श्रीराम राघवन ने किया है। रमेश तौरानी और संजय राउतरे ने इस फिल्म का निर्माण किया है। एक इंटरव्यू में राघवन ने बताया था कि इस फिल्म के लिए वह ऐसी जोड़ी को लेना चाहते थे, जो पहले कभी पर्दे पर साथ नहीं दिखी हो। विक्की कौशल से शादी के बाद यह कैटरीना का पहला नया प्रोजेक्ट था।

राघवन ने यह भी खुलासा किया था कि उन्होंने फिल्म को हिंदी और तमिल में एक साथ शूट किया है। हालांकि, दोनों संस्करण बिल्कुल एक जैसे नहीं हैं। भाषा का फर्क होने के साथ ही कुछ कलाकार भी दोनों फिल्मों में अलग हैं। इस तरह से यह 2 अलग फिल्मों की तरह हो गईं।दोनों फिल्में 95 प्रतिशत एक ही हैं, लेकिन इनमें कुछ बदलाव हैं। वह ये बदलाव इसलिए चाहते थे कि यह डब्ड फिल्म ना लगे। इस फिल्म का पहला पोस्टर पिछले साल क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जारी किया गया था। फिल्म को पिछले साल क्रिसमस पर ही रिलीज करने की योजना थी, लेकिन रणवीर सिंह की सर्कस और टाइगर श्रॉफ की गणपत से टकराव बचाने के लिए इसे टाल दिया गया था।

## द आर्चीज ने मुझे म्यूजिक और एक्टिंग में खुद की पहचान बनाने में मदद की: डॉट



एक्ट्रेस डॉट, जिनका असली नाम अदिति सहगल है, ने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में जोया अख्तर की द आर्चीज से डेब्यू किया। उनका कहना है कि इससे उन्हें म्यूजिक और एक्टिंग दोनों के जरिए खुद को अभिव्यक्त करने का मौका मिला। डॉट ने म्यूजिकल फिल्म में एथेल की भूमिका निभाई। एक्ट्रेस ने खुशी कपूर पर फिल्माए गए सभी चार डियर डायरी थीम्स को लिखा और गाया है, साथ ही बेट्टी (खुशी) के करेक्टर को अपनी आवाज दी है, एसिमेट्रिकल गाना गाया और कंपोज किया है। उन्होंने अन्य दो चार्टबस्टर्स ढिशूम ढिशूम और सुनोह भी गाए हैं।

डॉट ने कहा, मैं द आर्चीज म्यूजिक को लिस्नर्स से मिल रहे जबरदस्त प्यार से रोमांचित हूं। म्यूजिक मेरी पहचान का एक बड़ा हिस्सा है। फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने से बहुत पहले मैं एक सॉन्गराइटर थी। द आर्चीज ने मुझे म्यूजिक और एक्टिंग दोनों के जरिए खुद की पहचान बनाने में मदद की, इसलिए स्वाभाविक रूप से यह हमेशा मेरा सबसे पसंदीदा प्रोजेक्ट रहेगा। एक्ट्रेस ने कहा, यह एल्बम मेरे लिए खास है। मुझे जोया, जावेद अख्तर, एसईएल और अंकुर तिवारी जैसे इंडस्ट्री के अग्रणी लोगों के साथ-साथ इंडी म्यूजिशियन तेजस और द आइलैंडर्स के साथ काम करने का मौका मिला। डॉट इस बात से खुश हैं कि सुनोह 2023 के सबसे ज्यादा सुने जाने वाले गानों में शुमार है। सुनोह हम सभी के लिए एक खास स्थान रखता है। यह पहला गाना था जिसे हमने तैयार किया और शूट किया। इतने सारे लोगों के साथ जुड़ना वास्तव में खुशी की बात है!

डॉट मानती हैं कि फिल्मों के लिए सॉन्ग लिखना एक बेहद अलग क्रिएटिव प्रोसेस है जिसका उन्होंने भरपूर आनंद लिया है।

एक्ट्रेस ने कहा, स्क्रीन के लिए लिखना मेरे बेडरुम या कॉलेज प्रैक्टिस रूम में रचना करने से बहुत अलग अनुभव है! यह एक अत्यधिक सहयोगात्मक प्रक्रिया है जहां पहला फोकस नैरेटिव पर है।

## इमरान हाशमी, नसीरुद्दीन शाह, मौनी रॉय के शोटाइम का फर्स्ट लुक हुआ रिवील

**2024 जल्द दस्तक देने वाला है। ऐसे में दर्शको ने भी फिल्मों के आने वाले नए काम के लिए पहले से ही कमर कस ली है। अब, फेमस डायरेक्टर-फिल्ममेकर करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने आने वाले वेब शो का प्रोमो शेयर किया है। वहीं शो के टाइटल के बारें में बताए तो इसका नाम शोटाइम है।**



बता दें कि करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी आने वाले वेब-शो, शोटाइम का प्रोमो शेयर किया है। 50 सेकंड की वीडियो क्लिप से पता चलता है कि कहानी टिनसेल शहर की कहानी पर बनाई गई है और मशहूर हस्तियों के जीवन से भी इसके लिए पार्ट लिए गए है। यह क्लिप स्वयं इस चकाचौंध, ग्लैमरस दुनिया के पीछे क्या होता है, इसके पीछे के सीन को उजागर करती है।

इस शो का डायरेक्शन मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने साथ में किया है, जबकि सुमित रॉय ने इसे बनाया है और इसमें नसीरुद्दीन शाह, इमरान हाशमी, मौनी रॉय, बादशाह, विजय राज, श्रिया सरन, महिमा मकवाना, लारा चंदानी और अन्य सहित कई कलाकार शामिल है। शो की टीम द्वारा साझा किए गए पहले लुक पर एक नजर डालें।

इसके साथ ही पोस्ट के कैप्शन में लिखा गया रोशनी, कैमरा और एक्शन जैसी दुनिया में आपका स्वागत है! सत्ता के संघर्ष में उलझी शोटाइम एक वेब सीरीज़ है जो सीमाएं खींचेगीज्केवल उन्हें पार करने के लिए। 2024 में केवल डिज्नी+हॉटस्टार पर!,

पोस्ट शेयर किए जाने के कुछ मिनट बाद, फैंस ने पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देना बंद नहीं कर सके और उन्होंने कमेंट अनुभाग में अपना व्यंग्य व्यक्त किया। एक फैन ने लिखा, यह बहुत अद्भुत लग रहा है और इमरान हाशमी का एक अन्य फैन अपने पसंदीदा स्टार को स्क्रीन पर वापस देखकर खुश था और उसने लिखा, कई रिलीज के साथ इमरान टाइमलाइन में वापस आकर खुशी हुई। वह निश्चित रूप से खेल में वापस आ गया है और कैसे!

करण जौहर, अपूर्व मेहता, सोमेन मिश्रा और मिहिर देसाई भी शो के कार्यकारी निर्माता के रूप में काम कर रहे हैं। शो की रिलीज़ डेट अभी गुप्त रखी गई है लेकिन यह अगले साल 2024 में डिज़्नी+हॉटस्टार पर रिलीज़ होने वाली है।

## रेड स्टाइलिश ड्रेस में सुहाना खान ने दिखाई अपनी हॉटनेस, स्टनिंग लुक से बिखेरा जलवा



**बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की लाडली बेटी सुहाना खान की हाल ही में 'द आर्चीज' रिलीज हुई है। अपनी पहली डेब्यू फिल्म को लेकर सुहाना ने काफी सुर्खियां बटोरी। अपने सोशल मीडिया पर भी सुहाना खान काफी एक्टिव रहती हैं, जहां वो अक्सर अपने प्रोफेशनल से पर्सनल लाइफ तक के अपडेट फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। सुहाना के फैंस को उनका फैशन सेंस भी काफी पसंद आता है, जो सोशल मीडिया पर जमकर वयारल भी हो जाता है। अब इसी बीच सुहाना खान ने एक लेटेस्ट पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने अपनी कुछ फोटोज शेयर की है, जो वायरल हो रहीं हैं।**

आपको बता दें कि सुपरस्टार शाहरूख खान की लाडली बेटी सुहाना खान ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में सुहाना रेड कलर के स्टाइलिश गाउन में नजर आ रहीं हैं। इस दौरान सुहाना का लुक बेहद हॉट और गॉर्जियस लग रहा है। असल जिंदगी में उनकी हॉटनेस का अंदाजा आप एक्ट्रेस की इन लेटेस्ट फोटो के जरिए आसानी से लगा सकते हैं। इन फोटोज को शेयर करने के साथ सुहाना खान ने कैप्शन भी दिया है, जिसमें उन्होंने हार्ट इमोजी ड्रोप किया है। सोशल मीडिया पर सुहाना की ये फोटो जमकर वायरल हो रहीं हैं। इन फोटोज से सुहाना अपने स्टनिंग लुक को लेकर लाइमलाइट में आ गई हैं।

सुहाना खान की इन लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद से उनके फैंस लाइक करने के साथ कमेंट कर अपने रिएक्शन दे रहें हैं। इन फोटोज पर सेलेब्स ने भी कमेंट किए हैं। इस दौरान एक यूजर ने फोटो पर कमेंट कर लिखा, 'आपका लुक काफी स्टनिंग लग रहा है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'रेड में आप कमाल दिख रही हैं।

जबकि सुहाना की बेस्टी शनाया कपूर ने लिखा, 'टू हॉट टू हैंडल।' वहीं, अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता ने लिखा, 'बहुत खूबसूरत लड़की' और इसके साथ हार्ट इमोजी भी लागाया है।

## पंकज त्रिपाठी की मैं अटल हूं का ट्रेलर जारी, दिखा अटल बिहारी का गौरव



पंकज त्रिपाठी अपनी आने वाली फिल्म में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी की भूमिका में नजर आएंगे। वाजपेयी की इस बायोपिक की चर्चा काफी समय से हो रही है। फिल्म से जब पंकज का पहला लुक सामने आया था, लोग तभी से उनके कायल हो गए थे। अब फिल्म का ट्रेलर भी जारी हो गया है, जिसमें वाजपेयी के रूप में पंकज का दमदार अभिनय नजर आ रहा है।

फिल्म के ट्रेलर का लंबे वक्त से इंतजार हो रहा था। ट्रेलर के लॉन्च कार्यक्रम में पंकज और निर्देशक ने इस फिल्म के सफर पर बात की। ट्रेलर में वाजपेयी की युवावस्था से लेकर उनके परिपक्व राजनेता बनने तक की झलकियां शामिल हैं। न सिर्फ एक राजनेता, बल्कि पंकज ने कवि के रूप में भी उन्हें पर्दे पर उकेरा है।फिल्म में लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, प्रमोद महाजन जैसे नेताओं का राजनीतिक योगदान भी नजर आएगा।

मैं अटल हूं 19 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। मैं अटल हूं का निर्देशन रवि जाधव ने किया है। फिल्म की कहानी उत्कर्ष नैथानी ने लिखी है।यह फिल्म उल्लेख एनपी की किताब द अनटोल्ड वाजपेयी पॉलिटिशियन एंड पैराडॉक्स पर आधारित होगी।फिल्म में वाजपेयी के जीवन के अलग-अलग दौर को पंकज पर्दे पर उतारने वाले हैं। खासकर, उनके राजनीतिक जीवन के उतार-चढ़ाव को प्रमुखता से दिखाया जाएगा। इसमें 90 के दशक की राजनीतिक उठापटक देखने को मिलेगी।

अटल भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ जुड़े थे। 1996 में वह भारत के प्रधानमंत्री बने थे। हालांकि, अन्य दलों ने जब भाजपा से अपना समर्थन वापस ले लिया, तो 13 दिनों के भीतर उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। वह 1998 और 1999 में भी दूसरे और तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद पर काबिज हुए। राजनेता के अलावा वह एक कवि के रूप में भी पहचान रखते थे।

हाल ही में पंकज की फिल्म कड़क सिंह जी5 पर आई है। मैं अटल हूं के बाद उनकी कई फिल्में कतार में हैं। चर्चित फिल्म स्त्री का सीक्वल स्त्री 2 भी इसी साल रिलीज होनी है। वह होमी अदजानिया की फिल्म मर्डर मुबारक का भी हिस्सा हैं। वह अनुराग बासु की फिल्म मेट्रो इन दिनों में भी इस साल नजर आएंगे।उनकी चर्चित वेब सीरीज मिर्जापुर के तीसरे सीजन का भी प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी भी अगले साल रिलीज होगी। 1975 में लगे आपातकाल पर आधारित इस फिल्म में अभिनेता श्रेयस तलपड़े युवा वाजपेयी के किरदार में नजर आएंगे। वायपेयी के किरदार में उनका लुक भी जारी हो चुका है।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.

रामा कोचिंग

135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स

आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां

उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई

9827938211, 9827171332

## खास खबर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिली योजनाओं की जानकारी

**कोरबा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विकासखंड कोरबा के ग्राम रजगामार, कोरकोमा, विकासखंड कटघोरा के ग्राम जेंजरा और हुंकरा, पोडी उपरोडा ब्लॉक के पाथा, ऐतमानगर, करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम चोरभट्ठी, मदवानी, विकासखंड पाली के ग्राम पटपरा और नवापारा में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया गया। इसी तरह नगर पालिक निगम कोरबा अंतर्गत दादर चैक वार्ड क्रमांक 31 उपस्वास्थ्य केंद्र के पास, वार्ड क्रमांक 40 में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर लगाया गया। शिविर में केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें योजनाओं की जानकारी दी गई। इससे पूर्व संकल्प यात्रा के वाहन के पहुचने पर ग्रामीण द्वारा स्वागत किया गया। स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति दी। शिविर में पीएम आवास, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, वन नेशन वन कार्ड, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, आधार अपडेशन, सस्ती व अच्छी जेनेरिक दवाई आदि की जानकारी देने के साथ योजनाओं से वंचित हितग्राहियों से आवेदन लिए गए। शिविर स्थल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैम्प में बीपी, शुगर की जाँच तथा दवाईयां भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में महिला समूह द्वारा हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड एवं जीवन ज्योति बीमा आवेदन भराया गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के सभी जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने एवं जानकारी देने हेतु विभागों द्वारा स्टॉल लगाया गया।

### डॉ मनोज कुमार मुखियार ने वीबीएस यात्रा कैंप का तारीफ किया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** भारत सरकार से नियुक्त स्वास्थ्य नोडल अधिकारी डॉ मनोज कुमार मुखियार ने ग्राम बुदबुदा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए। सभी विभाग द्वारा हितग्राहियों और नागरिकों को दिए जा रहे इस शिविर व्यवस्था कार्यक्रम का अवलोकन कर डॉ मुखियार ने प्रसन्नता व्यक्त किया। तारीफ में उन्होंने कहा कि अभी तक का विकसित भारत संकल्प यात्रा में सबसे अच्छा कैम्प मैनेजमेंट है। उन्होंने फोटोग्राफ्स वीडियो को भारत सरकार को रिपोर्टिंग भेजने की बात कही। जिले के ग्राम बुदबुदा, लिसी, कुम्हारी और पाट में वीबीएसवाय कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस वीबीएसवाय कार्यक्रम में मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में हितग्राहियों ने योजनाओं से हुए लाभ की जानकारी दिए। स्कूली छात्राओं ने धरती कहे पुकार के अंतर्गत जैविक खेती करने के लिए सभी को प्रेरित किए। सभी गांव के वीबीएस यात्रा कार्यक्रम स्थल में पीएम आवास, पीएम फसल बीमा, आधार अपडेशन, कृषि विभाग द्वारा किसान केसीसी, महिला एवम बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, बैंक, सामाजिक पेंश, राजस्व आदि विभागो का स्टॉल लगाया गया था, जिसमे विभागीय योजनाओं का आवेदन, जानकारी जन जन को प्रदान किया गया।

# केंद्रीय विभागों ने संयुक्त हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर( पीआईबी )।** नगर राजभाषा क्रियान्वयन समिति (नराकास) के तत्वाधान में राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, रायपुर में संयुक्त हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में 5 कार्यालय - नेहरू युवा केन्द्र संगठन, एमएसटीसी, एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्र, व् राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान कुल 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

कार्यशाला की अध्यक्षता निधीष वर्मा, क्षेत्रीय निदेशक, राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान ने करते हुए कहा की राज भाषा हिंदी के प्रचार प्रसार व् प्रशासनिक भाषा में कार्यालीन क्षमता संवर्धन के इस तरह की कार्यशाला बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे बताया की एक ही स्थान पर विभिन्न कार्यालय के समावेश से कार्यों में सहयोग, समन्वय व् एकजुटता स्थापित होती है।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता के रूप में भूपेन्द्र पाण्डेय, वरिष्ट अनुविभागीय अधिकारी, जीएसटी रहे। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी का कार्यालय में प्रयोग के अंतर्गत यूनिकोड के महत्व बताते हुए कहा कि केन्द्रीय कार्यालयों मे कामकाज के लिए कृतिदेव लिपि की जगह युनिकोड मंगल लिपि का प्रयोग किया जाता है जिससे दस्तावेज़ों में एकरूपता बनी रहे। इसके अतिरिक्त उन्होंने फोनेटिक कीबोर्ड के बारे में भी विश्लेषण देते हुए कहा की इसके माध्यम से हिन्दी-अंग्रेजी भाषा मे टाइप व लिप्यंतरण करने मे सुविधा हो गई है। कार्यशाला के दूसरे वक्ता गोपाल प्रसाद, सहायक निदेशक, राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमिजल प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान रहे। उन्होंने विभिन्न कार्यालीन रिपोर्ट लेखन और हिन्दी में टिप्पणी / आलेखन के बारे में चर्चा की। उन्होंने प्रशासनिक भाषा व शब्दावली पर विशेष बल दिया। अर्पित तिवारी, नेहरू युवा केंद्र ने बताया की वर्ष में चार बार केंद्रीय कार्यालयों में यह कार्यशाला का आयोजन किया जाता है। इस कार्यशाला का उद्देश्य हिंदी का व्यापक प्रचार प्रसार करने के साथ साथ व्यावहारिक व् प्रशासनिक हिंदी के पहलु से विभागों व् उनके कर्मचारियों को अवगत कराया जा सके। संदीप कुमार, सहायक अनुविभागीय अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र संगठन व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

#### डायरिया के बाद खुर्सीपार पहुंचा निगम का अमला

### उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह संग पूजा पिल्ले जोन कमिश्नर और निगम अधिकारियों ने किया दौरा, लोगों की सुनी समस्या



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** खुर्सीपार इलाके में डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है। 80 मरीज अब तक मिल चुके हैं। एक महिला की मौत हो चुकी है। इसके बाद निगम का काम देखने के लिए नगर निगम भिलाई के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह आज एहतियात के तौर पर वार्ड-44 लक्ष्मीनारायण वार्ड का सघन दौरा किया। इस दौरान निगम पूजा पिल्ले जोन कमिश्नर से लेकर जोन के अफसर चंदन निर्मल,चंद्रकांत साहू, वेंकट राव,स्वास्थ्य अधिकारी सुदामा एवं कर्मचारी मौजूद रहें।

स्वास्थ्य अमला भी मौजूद रहा। दया सिंह ने नालियों से गुजरने वाली पाइप लाइन को देखा। पानी की जांच के लिए कहा है। इसके अलावा सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए भी अधिकारियों से कहा है। वार्ड पार्षद व उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह को देखकर लोगों ने अपनी समस्या भी बताई। लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए अफसरों को कहा गया है। आश्वास्त किया गया है कि बहुत जल्द समाधान हो जाएगा। वहीं स्ट्रीट पोल पर लाइट नहीं होने की बात सामने आई। इसका भी निदान करने का दावा किया गया है। दया सिंह ने कहा कि, क्षेत्र में समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा। इसीलिए निरीक्षण किया गया है। निगम के अधिकारियों को पूरी समस्याओं से अवगत करा दिया गया है। ताकि किसी प्रकार की समस्या न रहे। डायरिया को कैसे कंट्रोल करना है। इस पर मंथन किया गया है। अजीत यादव, दीपक सोनी, सत्य प्रकाश गुप्ता, प्रभा कुशवाहा, सुभद्रा देवी अन्य वार्ड वाशी रहे।

## विधायक ललित चंद्राकर ने अपनी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी में ली शपथ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** विधानसभ में विधायक ललित चंद्राकर ने अपनी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ ली है. यहां अधिकांश विधायकों ने हिंदी और संस्कृत में पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की तो वहीं की विधानसभा ने पूरे छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ लेने के बाद इसे अपनी मातृभाषा का सम्मान बताया है. विधायक ललित ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा की हमें पूर्ण विश्वास है कि आपका संरक्षण छत्तीसगढ़ विधानसभा के सभी सदस्यगणों को प्राप्त होगा और हम सब मिलकर विकासशील छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। मंगलवार सुबह 11 बजे रायपुर विधानसभा के सदन में सभी विधायकों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने विधानसभा में सदन के नेता के रूप में शपथ ली. साथ ही और विधायक को ने विधानसभा में सदन के विधायक पद की शपथ ली. इसके बाद एक एक कर विभिन्न जिलों के विधायकों ने भी विधानसभा में पद की शपथ ली. ज्यादातर विधायकों ने हिंदी में शपथ ली है और कुछ विधायकों ने संस्कृत में भी शपथ ली. वहीं, दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर ने अपनी मातृभाषा छत्तीसगढ़ी भाषा में शपथ ग्रहण कर सभी को चौंका दिया.

## विधायक रिकेश सेन की पहल पर कल वैशाली नगर में रोजगार मेला, 121 पदों पर होगी भर्ती

**नर्सिंग स्टॉफ, मेडिकल ऑफिसर, पैथोलॉजी लैब, फील्ड ऑफिसर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, कार्पोरेट मेन, सुरक्षा गार्ड, अकाउंटेंट, फार्मासिस्ट, जीएम मार्केटिंग, प्लंबर, मल्टिपल वर्कर और नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट पद पर मिलेगी नौकरी**

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की पहल से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा सृजन रोजगार अंतर्गत आयोजित रोजगार मेला 22 दिसंबर शुक्रवार को सुबह साढ़े 10 बजे से वैशाली नगर विधायक कार्यालय लोकांगन के समीप स्थित खंडेलवाल भवन वैशाली नगर में होगा।



आपको बता दें कि बेरोजगार युवाओं के लिए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने दुर्ग में आयोजित इस रोजगार मेला का स्थान परिवर्तन कर उसे वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में रखने की पहल की है। श्री सेन ने कहा कि भिलाई के अनेक युवाओं को रोजगार मेला दुर्ग पहुंचने में दिक्कत होती थी और उन्हें सभी आवश्यक दस्तावेज लेकर दुर्ग आने जाने में अतिरिक्त समय भी लगता था। इसलिए दुर्ग जिला अंतर्गत नियोजकों द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट का आयोजन 22 दिसम्बर को सुबह 10:30 बजे से वैशाली नगर स्थित खंडेलवाल भवन में किया जाएगा।

गौरतलब हो कि प्लेसमेंट केम्प में नियोजक एसआर हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर चिखली सिरसा रोड दुर्ग के लिए 121 पद रिक्त हैं, जिसमें नर्सिंग स्टॉफ, डायलिसिस टेक्नीशियन, मेडिकल ऑफि सर, डेंटिस्ट, फि जियोथेरेपी, ओटी टेक्नीशियन, एक्सरे टेक्नीशियन, आप्थेल्मिक टेक्नीशियन, पैथोलॉजी लैब, फील्ड ऑफि सर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राइवर, कार्पोरेट मेन, गार्ड, अकाउंटेंट, फार्मासिस्ट, कोम्पो. ओपी, जीएम मार्केटिंग, प्लंबर मल्टिपल वर्कर, टीपीए इंचार्ज, नर्सिंग सुपरिंटेंडेंट पद पर भर्ती की जानी है।

जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उपसंचालक आरके कुर्रे ने बताया कि इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड) रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छग निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र समस्त दस्तावेजों की (छायाप्रति) के साथ प्लेसमेंट केम्प/रोजगार मेला खंडेलवाल भवन वैशाली नगर में उपस्थित हो सकते हैं।

## अब जिले में ही प्रतियोगी परीक्षा की निःशुल्क तैयारी कर पाएँगे विद्यार्थी

श्रीकंचनपथ न्यूज

गरियाबंद। जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा अभिनव पहल करते हुए उत्कृष्ट गरियाबंद अंतर्गत प्रयास की शुरुआत की गई। जिले में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग दिया जाएगा। इस पहल से जिले के बाहर कोचिंग या तैयारी से वंचित विद्यार्थियों को लाभ मिल सकेगा। अब प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को जिला मुख्यालय में ही बेहतर मार्गदर्शन मिल सकेगा।



इसी के संबंध में आज जिला मुख्यालय गरियाबंद स्थित शासकीय वीर सुरेंद्र साय पीजी कॉलेज में प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं गुणवत्ता शिक्षा हेतु छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के साथ अभिप्रेरणा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ चर्चा की गई। कार्यक्रम में कलेक्टर आकाश छिकारा भी शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतियोगी परीक्षा के तैयारी के संबंध में चर्चा की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि अपना लक्ष्य हमेशा ऊंचा रखे। आत्मविश्वास बनाए रखें और अथक प्रयास करते रहें। किसी भी परीक्षा पास करने के लिए सच्ची लगन और मेहनत की आवश्यकता होती है। उन्होंने आगे कहा कि आप किस बैकग्राउंड से आए हो, वह ज़्यादा मायने नहीं रखता, कड़ी परिश्रम से सब संभव हो जाता है। उन्होंने ने विद्यार्थियों के द्वारा पूछे जाने वाले सवालों का भी जवाब देते हुए कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं है। जो विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहें है, वे नियमित रूप से पढ़ाई करें और प्लानिंग के साथ अपनी तैयारी रखें।

प्रयास कार्यक्रम में गरियाबंद एसडीएम भूपेन्द्र साहू भी शामिल हुए। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों से चर्चा की और अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि अपने ऊपर हमेशा विश्वास रखें और तैयारी करते रहें। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा पूछे जाने वाले सवालों का जवाब दिया एवं उन्हें अच्छी पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता एवम प्रयास कोचिंग के नोडल अधिकारी पंकज जैन ने भी अपने संबोधन में उपस्थित प्रीतिभागियो को शासकीय सेवा में चयनित होकर आप सभी जो है समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते है प्रयास कोचिंग जो है आपको अपने अंदर की प्रतिभा को सामने लाने का प्रयास है मुझे विश्वास है की आने वाले दिनों में आप सभी एक अधिकारी के रूप देश प्रदेश में अपनी सेवाए देंगे उक्त अवसर पर नायब तहसीलदार अनामिका गुप्ता, योगेंद्र देवांगन सहायक प्राध्यापक जी.एस. दास, सी एल तारक भी उपस्थित थे कार्यकम का संचालन पतांजल मिश्रा (डी पी एम )जिला पंचायत ने किया, चित्रकांत शर्मा जिला परियोजना समन्वयक (जे जे एम )सहित महाविधालय के समस्त छात्र छात्राये उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा : शिविरों में 20 हजार से ज्यादा लोग हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

अम्बिकापुर। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने व इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का सफर जारी है।



जिले में 16 दिसंबर को अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत मेंड्राकला से इसकी शुरूआत हुई है। शुरुआत से अब तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले के अंबिकापुर, लुण्ड्रा, लखनपुर, बतौली और उदयपुर के कुल 40 ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया गया।

जिले के ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में 20 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए। कार्यक्रम स्थलों में विभिन्न विभागों द्वारा आम जनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने स्टॉल भी लगाया गया और संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से आम जनता को योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ उठाने प्रेरित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन शिविरों में 5581 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविरों में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लिए 145 लोगों का पंजीयन किया गया। शिविरों में सुरक्षा बीमा योजना के लिए 108 और जीवन ज्योति बीमा योजना के लिए 75 लोगों के आवेदन किया। विभिन्न योजनओ से लाभांवित हितग्राहियो ने मेरी कहानी मेरी जुबानी का अनुभव साझा किया। शिविर के माध्यम से 12 पंचायतों में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड कवर किया गया है।

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan


ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास खबर



## आधी रात शहर की सड़कों पर पैदल निकले एसएसपी गर्ग, परखी सुरक्षा व्यवस्था

**भिलाई।** मंगलवार की रात को सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत शहर क्षेत्र मे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग राम गोपाल गर्ग ने रात में पैदल गस्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा हुडको सेक्टर में करीबन 2 किमी क्षेत्र में पैदल चलकर पैट्रोलिंग की गई। पेट्रोलिंग में हुडको बाजार से होते हुए भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर गश्त में लगे आधिकारी/कर्मचारियों को चेक करते हुए ड्यूटी पर मौजूद पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। उन्होंने रात्रि में घूमने वाले असामाजिक तत्व एवं संदिग्ध लोगों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए, साथ ही बिना कारण रात में घूमने वालो से लोगों से कड़ाई से पूछताछ करने के लिए कहा। तत्पश्चात वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग के द्वारा थाना नेवई क्षेत्र का भ्रमण किया। भ्रमण के बाद थाना नेवई आकस्मिक चेकिंग हेतु पहुंचे। जहां रात्रि ड्यूटी में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारी से पूछताछ की गई, पूछताछ बाद गस्त में रवाना हुए अधिकारियो/कर्मचारियों के बीट पर होने की जानकारी लेकर क्षेत्र की खैरियत रिपोर्ट ले कर सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।

## बेमेतरा के आईटीआई परिसर में हटाया गया अतिक्रमण



**बेमेतरा।** बुधवार को बेमेतरा स्थित आईटीआई परिसर में लंबे समय से काबिज बेजा कब्जाधारियों को हटाया गया। साथ ही दोबारा कब्जा नही करने संबंधी समझाइश दी गई। उक्त अतिक्रमण एस डी एम सुरुचि सिंह (आईएएस) तथा तहसीलदार परमानंद बंजारे के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजश्री पाण्डेय, नायब तहसीलदार चांदनी देवांगन के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक खुमान देशमुख,पटवारी विजेंद्र वर्मा, आईटीआई के अधिकारी एवं कर्मचारी व नगरपालिका बेमेतरा के कर्मचारीगण थाना बेमेतरा के कर्मचारीगण उपस्थिती में शान्तिपूर्ण रूप से तीसरी बार हटाया गया।

### नक्सलियों ने यात्री बस और 2 ट्रक में आग लगाई

# सुकमा में एनएच-30 पर वाहनों को रुकवाया फिर डीजल टैंकों को तोड़कर जलाया

**सुकमा (ए)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा में बुधवार देर शाम को नक्सलियों ने उत्पात मचाया है। यात्री बस समेत 3 वाहनों में आग लगा दी है। नक्सलियों की आगजनी से नेशनल हाईवे 30 पर आवागमन बंद हो गया है। बताया जा रहा है कि एपीआरटीसी की यात्री बस जगदलपुर से विजयवाड़ा जा रही थी, तभी नक्सलियों ने बीच सड़क पर रोककर गाड़ियों को आग के हवाले किया। वहीं भैरमगढ़-बीजापुर एनएच-163 पर पेड़ काटकर गिरा दिया।



जानकारी के मुताबिक 10 से ज्यादा नक्सली अचानक सड़क पर पहुंच गए और मार्ग से गुजर रही गाड़ियों को रुकवाया, फिर उनके चालकों को नीचे उतारा। इसके बाद वाहनों के डीजल टैंकों को फोड़कर सभी वाहनों को फूंक दिया। वारदात के बाद सभी नक्सली मौके से भाग निकले।

APRTC की बस में आग भड़कने तक सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल के जवान मौके पर पहुंच गए थे। वाहनों से आग बुझाने की कोशिश की। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है। इस दौरान जवानों ने पैरा बम भी दागकर आसपास के इलाके में सर्च भी किया। वहीं नेशनल हाईवे पर आवाजाही पूरी तरह से बंद कर दी गई थी। पूरे इलाके में जवानों की सर्चिंग बढ़ाई जा रही है।

### बीजापुर में पेड़ काटकर मार्ग किया बाधित

नक्सलियों ने सुकमा के अलावा बीजापुर में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। यहां भैरमगढ़-बीजापुर मुख्य मार्ग एनएच-163 पर नक्सलियों ने पेड़ काटकर गिरा दिया है। नक्सलियों की इस करतूत से मार्ग बाधित है। बताया जा रहा है कि, यहां भी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची गई है। मार्ग को बहाल करने की कोशिश की जा रही है।

# करंट की चपेट में आने से हाथी की मौत

**रायगढ़ (ए)।** धरमजयगढ़ वन मंडल क्षेत्र में हाथियों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को क्षेत्र में फिर से एक 20 वर्षीय हाथी की मौत का मामला सामने आया है। प्रथमदृष्टया हाथी की मौत का कारण बिजली करंट लगने से होना पाया गया है। क्षेत्र के एक किसान के खेत की सुरक्षा के लिए लगाए गए करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर इस 20 साल के नर हाथी की मौत हुई है। मौके पर हाथी का शव पैरा (पुवाल) से ढका हुआ मिला है।

इस मामले में मिली जानकारी के मुताबिक वन विभाग द्वारा महिपाल नामक खेत मालिक को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जिस पर उसने करंट का जाल बिछाने की बात कबूल कर ली है। खम्हार दक्षिण इलाके में एक हाथी का शव मिलने की सूचना पर बुधवार को डीएफ्ओ अभिषेक जोगावत दलबल सहित तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके बाद आवश्यक विभागीय जांच-कार्रवाई शुरू की गई। बता दें कि बोरो रेंज के इस क्षेत्र में कुछ समय से 22 हाथियों का बड़ा दल विचरण कर रहा था। बोरो वन परिक्षेत्र अंर्तगत हुई इस घटना के बारे में विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हाथी का शव करीब 2 दिन पुराना है। बताया जा रहा है।



खम्हार दक्षिण फारेस्ट परिसर इलाके में महिपाल नामक व्यक्ति के द्वारा अपने खेत में लगे फसलों की रखवाली के लिए लो पावर वाली फेंसिंग की गई थी लेकिन उसी में बिजली करंट प्रवाहित तार भी जोड़ दिया गया था। जिसकी जद में आकर एक और बेजुबान की असमय मृत्यु हो गई। वर्तमान डीएफओ के कार्यकाल के दौरान हाथियों के मौत का आंकड़ा करीब दर्जन भर से अधिक पार होने को है। आश्चर्यजनक यह भी कि डीएफओ जोगावत धरमजयगढ़ के इतिहास में अपने कार्यकाल में इतनी हाथियों की मौत, जिनमें से अधिकांश की मृत्यु करंट लगने से हुई है।

बावजूद धरमजयगढ़ वन मंडल में यथावत बने रहने वाले संभवतः पहले अधिकारी हैं। हालांकि, इसके पूर्व में हुए हाथी की मौत के कुछ मामलों में संबंधित किसान व जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही पाए जाने पर उनके खिलाफ भी निलंबन की कार्रवाई जरूर की गई है। लेकिन ज्यादातर प्रकरण में संबंधित फारेस्ट गार्ड को ही जिम्मेदार ठहराते हुए उसे सस्पेंड किया गया। हालांकि, हाल ही के सिर्फ एक मामले में वन रक्षक व डिप्टी रेंजर दोनों को सस्पेंड कर दिया गया था। इधर, वन विभाग द्वारा सुरक्षा को लेकर तमाम कवायदों के बावजूद इलाके में एक बार फिर करंट से हाथी की मौत विभागीय कार्यप्रणाली की पोल खोलता नजर आ रहा है।

## कृषि विभाग ने की बड़ी कार्यवाही, गोदाम से 544 बोरी डीएपी खाद जप्त

**कवर्धा।** कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग के जिला स्तरीय उर्वरक निरीक्षक दल ने बड़ी कार्यवाही की है। कृषि विभाग के उप संचालक राकेश शर्मा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के जिला स्तरीय उर्वरक निरीक्षक दल ने 19 दिसंबर 2023 को कुण्डा में औचक निरीक्षण किया। जिसमें विकासखंड पंडरिया के ग्राम कुण्डा अंतर्गत तहसील कार्यालय के पीछे पुराने शराब दुकान के गोदाम परिसर में 544 बोरी डीएपी खाद के बोरी अवैध रूप से भंडारित पाया गया। बोरी में मिनरल ग्रेन्यूल्स अंकित होना पाया गया है। आस-पास पता करने के उपरांत भंडारित खाद के मालिक का पता नही चलने पर उक्त खाद का अवैध परिवहन एवं विक्रय रोकने के लिए उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 खंड 28 (1) (डी) के अंतर्गत समस्त भंडारित उर्वरकों को संबंधित परिसर में ही जब्ती करते कर गोदाम को सील बंद किया गया तथा थाना प्रभारी, कुण्डा को भी की गई कार्यवाही के संबंध में सूचित किया गया है। अवैध रूप से भंडारित उर्वरकों पर भविष्य में भी लगातार कृषि विभाग द्वारा इसी प्रकार की कार्यवाही की जाएगी।

## पिता की आकस्मिक मृत्यु के बाद मासूम अंजनी बनी बाल आरक्षक एसपी गर्ग ने सौंपा नियुक्ति पत्र




**भिलाई।** दुर्ग एसपी राम गोपाल गर्ग ने आज 07 साल की मासूम अंजनी भट्ट को बाल आरक्षक के पद पर नौकरी का नियुक्ति आदेश प्रदान किया। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अबोध बालिका अंजनी से आत्मीयता के साथ बातचीत की।

बाल आरक्षक के रुप में भर्ती की गई बच्ची के पिता के असामयिक निधन के बाद उसे अनुकंपा नियुक्ति दी गई है। अपनी मां के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची बच्ची को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बालिका के सिर पर हाथ फेरा। उसे बताया कि अब आप भी पुलिस बन गए हो। उन्होंने आत्मीय व्यवहार व अनुकंपा नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए स्वजन ने भी आभार जताया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दिवंगत आरक्षक अतुल भट्ट के आकस्मिक निधन पर परिवार के सदस्यों से मिलकर सांत्वना दी। परिवार को किसी भी प्रकार की आवश्यकता में दुर्ग पुलिस द्वारा सहयोग करने का आश्वासन दिया। अनुकम्पा नियुक्ति आदेश जारी होते ही परिवार द्वारा खुशी जाहिर की गई। दुर्ग पुलिस द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही जल्द कर नियुक्ति पत्र प्रदान करने पर आभार प्रकट किया गया।

## नक्सलियों का नेटवर्क तोड़ने और स्मॉल एक्शन टीम की निगरानी करने लगाए सीसीटीवी कैमरे



**दंतेवाड़ा (ए)।** नक्सलियों के सप्लाई नेटवर्क को पूर्ण रूप से तोड़ने और स्मॉल एक्शन टीम व आपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी के साथ-साथ शहरी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण, अन्वेषण एवं सुरक्षा, सर्विलांस को लेकर जिले के विशेष स्थानों का आंकलन एवं चयन कर आधुनिक पुलिसिंग एवं स्मार्ट पुलिसिंग के तर्ज पर सार्वजनिक स्थल और संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी के लिए विभिन्न मार्गों में आधुनिक सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है।

यह कैमरे आने जाने वाले वाहनों के नंबर प्लेट को कैप्चर करने में सक्षम हैं जो पुलिस को आगे की विवेचना कार्यों में विशेषतौर पर सहायता करेंगे। इन कैमरों को दंतेवाड़ा शहर के साथ-साथ गीदम, बचेली, किरन्दुल, कुआकोंडा, बारसूर, कटेकल्याण, अरनपुर और अन्य थाना क्षेत्र में लगाए गए हैं। इन क्षेत्रों में इस प्रकार की अत्याधुनिक कैमरों के लगने से पुलिस निरंतर नक्सल गतिविधियों के साथ-साथ आने जाने वाले राहगीरों व सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं पर भी सतत निगरानी रख सकेगी। इसके अतिरिक्त हिरोली, पोटाली, बोदली, कमारगुड़ा व अन्य अन्दरूनी सुरक्षा बलों के कैम्पों एवं रेलवे स्टेशन में सुरक्षा के दृष्टिकोण से 2 चरणों में जिला पुलिस के द्वारा प्रमुख स्थानों का चयन कर कुल- 512 कैमरों के साथ-साथ नियंत्रण कक्ष की स्थापना संबंधित थाना में किया गया है।

# क्रिकेट खेलने के बाद दोस्तों के साथ नदी में नहाने दुर्ग गया था युवक, शिवनाथ नदी में डूबकर हुई मौत

**दुर्ग।** भिलाई के मदर टेरेसा नगर छावनी का रहने वाला 20 वर्षीय युवक ताकेश उर्फ टिंकू कन्नौजे शिवनाथ नदी में नहाने के दौरान डूब गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस उसे नदी से निकालकर जिला अस्पताल लेकर गई, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामला अंजोरा चौकी क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक, टिंकू कन्नौजे अपने दोस्त राकेश यादव और बिट्टू के साथ बुधवार की दोपहर क्रिकेट खेलने के लिए गया था। क्रिकेट खेलने के बाद टिंकू ने शिवनाथ नदी में नहाने का प्लान बनाया। तीनों दोस्त बाइक से दुर्ग शिवनाथ नदी में नहाने के लिए गए। राकेश अच्छा तैराक है। वहीं टिंकू को कम तैरना आता था। बिट्टू को तैरना नहीं आता था, इसलिए वो नदी के किनारे ही बैठा था।

राकेश ने बताया कि बुधवार डेढ़ बजे के करीब वो लोग दुर्ग के अंजोरा चौकी अंतर्गत शिवनाथ नदी घाट गए थे। वहां बने डैम के ऊपर से राकेश और टिंकू ने नदी में छलांग लगाई। इसके बाद वो लोग पुराने ब्रिज की तरफ आने लगे। राकेश ने बताया कि उसने टिंकू से पूछा भी कि वो तैरना जानता है या नहीं। इस पर टिंकू ने हां कहते हुए उसके साथ तैरना शुरू कर दिया। बीच नदी में आते-आते टिंकू थक गया और डूबने लगा। इस पर राकेश ने उसका हाथ पकड़ा और उसे किनारे की तरफ ले जाने की कोशिश करने लगा, लेकिन उसे बचा नहीं सका। इसके बाद वो नदी में डूब गया।

टिंकू को डूबता देखकर राकेश और बिट्टू ने लोगों से मदद की गुहार लगाई। थोड़ी ही देर में स्थानीय मछुआरे वहां पहुंचे। उन्होंने नदी में कूदकर टिंकू को नदी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। मछुआरों ने टिंकू के चेस्ट और पेट को दबाया। मुंह से सांस भी दी, लेकिन जब कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला, तो वे लोग उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर गए। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### एक दिन पहले भी गए थे नदी में नहाने

डूबने वाले युवक टिंकू के दोस्त बिट्टू ने बताया कि वे सभी दोस्त एक दिन पहले मंगलवार को भी शिवनाथ नदी में नहाने गए थे। उसे तैरना नहीं आता था, तो वो नदी के किनारे बैठा था। बुधवार को भी टिंकूअपने दोस्तों के साथ नदी में नहाने के लिए उतरा था, लेकिन ऐसा हादसा हो गया। परिजनों ने अंजोरा चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### राकेश बैठा था नदी के किनारे

टिंकू के दोस्त राकेश ने बताया कि उसे तैरना नहीं आता था, इसलिए वो नदी के किनारे बैठा था। वहीं टिंकू को कम तैरना आने के बाद भी वो नदी में नहाने गया और ऊंचाई से कूदा। जब वो नदी में डूब रहा था, तब बिट्टू दौड़कर लोगों को बुलाने गया था।

## -:: कार्यालय कलेक्टर, बेमेतरा (छ.ग) ::-
## ।। आदिवासी विकास शाखा ।।

फैक्स नं. 07824-222105, ई-मेल- actwd.bemetara@gmail.com

**-:: द्वितीय ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-**

क्रमांक/1094/आ.जा.क./निर्माण/66/2023 बेमेतरा, दिनांक 13/12/2023

निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 30.12.2023 सायं 5.30 बजे तक है:-

| क्र | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की राशि लाख में |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 150049 | पो. मै. अनु. जाति कन्या छात्रावास भवन निर्माण नवागढ़ | 190.70 |

टीप:- ठेकेदार की श्रेणी "A", "B", "C", "D", होना अनिवार्य है।

उक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**( कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित )**

जी-06442/7

**सहायक आयुक्त,**
**आदिवासी विकास जिला बेमेतरा**

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी

RAKESH SINGH
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
पुष्पांजलि स्वीट्स के बाजू में, कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095


भिलाई मसाला उद्योग

शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.

रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006


भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता

कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### ठण्ड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था

**भिलाई।** बीते दिनों से लगातार बढ रहे ठंड तथा रात में चल रहे सर्द हवा को देखते हुए नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा निगम क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों, रेलवे स्टेशन तथा बस स्टैंड, सार्वजनिक स्थल में अलाव जलाने का व्यवस्था किया जा रहा है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर निगम के सभी जोन मे राहगीरों व आम नागरिकों को ठिठुर भरी ठंड व सर्द हवाओं से राहत मिल सके इसके लिए अलाव की व्यवस्था किया गया है। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि लोगों को ठंड से बचाने के लिए शहर के प्रमुख स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराया जा रहा है जहां रात के समय आवागमन करने वाले मुसाफिर, आटो एवं रिक्शा चालकों को ठंड से राहत मिल सके। बीते सप्ताह से लगातार ठंड बढ़ रही है जिसे देखते हुए शहर के प्रमुख आवाजाही वाले स्थल जैसे कुरुद बाजार चौक, ओम शांति ओम चौक,राजीव नगर, वैशाली नगर गोल मार्केट, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, शीतला कांप्लेक्स के पास, जवाहर नगर रिक्शा स्टैंड, सुभाष चौक , पुराना रोजगार कार्यालय के पास पावर हाऊस, गदा चौक सुपेला, भिलाई नगर रेलवे स्टेशन, सुपेला घड़ी चौक, चंद्रा -मौर्या के पास रिक्शा स्टैंड एवं नेहरू नगर चौक, सेक्टर क्षेत्र हुडको सहित अन्य स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।

### मृतक के परिजनों को मिली 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुडीपारा वार्ड क्र. 14 मालपुरी (कला) तहसील धमधा, जिला दुर्ग निवासी धन्यराज चौहान उर्फ धनंजय चौहान की विगत 29 मार्च 2022 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गयी थी। इसी प्रकार ग्राम महमरा थाना पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग निवासी श्रीमती दुर्गी निषाद की विगत 12 अप्रैल 2019 को मृत्यु हो गयी थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. धन्यराज चौहान के पिता बलराम चौहान को एवं स्व. श्रीमती दुर्गी निषाद के पुत्र धनेश्वर निषाद को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत समोदा में हुआ आयोजित

**दुर्ग।** विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत समोदा तहसील दुर्ग में आयोजित हुआ। जिसमे एसडीएम दुर्ग मुकेश रावटे एवं तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता द्वारा समोदा के नागरिकों को कंप्यूटराइज्ड डिजिटाइजेशन ऑफ लैंड रिकॉर्ड के महत्व और लाभों के संबंध में जागरूक किया गया। हितग्राहियों की नि:शुल्क खसरा बी 1 का भी वितरण कराया गया। साथ ही भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण होने ग्राम पंचायत समोदा के पटवारी रत्नेश भदौरिया को एसडीएम के हाथों अभिनंदन पत्र प्रदाय किया गया। नाटक, का कार्य सम्पन्न कराया गया। एसडीएम मुकेश रावटे ने भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विभागों की योजनाओं मुख्यत: उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड, सहित जनहितैशी योजनाओं के महत्व को उकेरा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुर्ग एसडीएम मुकेश रावटे, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता,सरपंच , क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नाली के समानांतर बिछाए गये पाईपलाइन को बदलने भेजा जायेगा प्रस्ताव

## समीक्षा बैठक में आयुक्त ने दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। प्रधानमंत्री आवास योजना के निर्माणाधीन मकान को तत्काल पूर्ण कर एजेंसी निगम को सौंपे ताकि हितग्राहियों को आबंटित किया जा सके। नाली के समानांतर बिछाए गए पेयजल पाइपलाइन को बदलने सर्वे कर शासन को भेजे जाने हेतु प्रस्ताव तैयार करे। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के निर्देश पर ध्वनि प्रदूषण को रोकने मानक क्षमता से अधिक ध्वनि प्रसारित करने वाले डीजे संचालक के विरूद्ध कार्यवाही सहित शहर के भीतर चल रहे खटालो को एक सप्ताह में हटाना होगा। तीन अधिकारी कर्मचारी को जारी किया गया कारण बताओ सूचना पत्र।**



निगम आयुक्त रोहित व्यास ने निगम के कार्यो की समीक्षा करते हुए बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री आवास योजना के ए.एच.पी. घटक में 3709 मकानों का निर्माण किया जाना है, जिसमें से 312 पूर्ण हो गये है तथा 2405 मकानों का निर्माण आगामी तीन माह में पूर्ण कर निर्माण एजेसी निगम को सौंपे ताकि लाटरी पद्वति से हितग्राहियों को आबंटित किया जा सके। उन्होने जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार द्वारा निकाले गये डिजिटल वाहन का 13 दिवसीय पडाव मे भिलाई निगम क्षेत्र के 26 स्थलो पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें केन्द्र सरकार के जनोमुखी योजनाओं से लोगो को लाभान्वित किये जाने स्थल पर फार्म भरवाया जाना तथा लाभ प्राप्त किये हितग्राहियों को मेरी कहानी मेरी जुबानी लघु फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा। 22 दिसम्बर को प्रात: 9 बजे वार्ड-1 खम्हरिया से प्रारंभ होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रति दिवस दो पाली में अलग-अलग वार्ड में कार्यक्रम आयोजित होकर निगम के सम्पूर्ण 70 वार्ड में 3 जनवरी को संपन्न होगा। स्थल पर प्रधानमंत्री आवास, स्व-निधि, विश्वकर्मा, उज्जवला योजना, आयुषमान कार्ड, गुमस्ता, विवाह, जन्म प्रमाण पत्र, आधार अपडेशन सहित अन्य विभाग के स्टाल लगाये जायेगे।

आयुक्त ने सभी जोन आयुक्त से कहा है कि छ.ग. उच्च न्यायालय के आदेश के आधार पर निगम क्षेत्र में ध्वनि प्रदुषण को रोकने डीजे संचालक तथा होटल, वैवाहिक भवन, सामुदायिक भवन, उद्यान का सर्वे कर रात 10 बजे के बाद डीजे बंद करवाना है तथा मानक क्षमता से अधिक ध्वनि प्रसारित करने वाले डीजे को जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही करे। ध्वनि मानक क्षमता 70 डेसिबल को मापने सभी डीजे में ध्वनि मापक यंत्र लगाना होगा।

आयुक्त श्री व्यास ने 21 भवन मालिको द्वारा संपत्तिकर की राशि का चेक से भुगतान करने के बाद चेक बाउंस हो जाने पर उन भवन मालिको के विरूद्व पुलिस में एफआई.आर करने के निर्देश के बाद भी कार्यवाही नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संपत्तिकर विभाग के सहायक अधीक्षक एवं प्रभारी लिपिक को तथा बैठक की सूचना व्हाट्सएप पर होने के बाद भी बैठक मे उपस्थित नही होने वाले सहायक राजस्व अधिकारी को तत्काल कारण बताओ पत्र जारी किये।

निगम क्षेत्र में किये गये अवैध नल कनेक्शन का नियमित करने सभी जोन आयुक्त अपने क्षेत्र में शिविर लगाये तथा पानी का बिल नही पटाने वाले लोगो के कनेक्शन विच्छेद करने की कार्यवाही करें। जिन खटाल संचालको को गोकुलधाम में भूमि आबंटन किया गया है ऐसे खटाल संचालको की पहचान कर एक सप्ताह के भीतर शहर के अंदरूनी भाग से खटाल को हटाएं अन्यथा की स्थिति में आबंटन निरस्त का प्रस्ताव देवें। उन्होने सड़क मरम्मत, सड़को पर हुए गढ़ढो को भरने, यातायात को बाधित करने वाले मुख्य मार्ग के अवैध कब्जो को हटाने एवं रोका छेका संकल्प अभियान को और गति देने के निर्देश दिये। बैठक में अपर आयुक्त उपायुक्त,अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, सभी विभाग प्रमुख, सहायक अभियंता, उपअभियंता, नोडल अधिकारी तथा एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय किसान दिवस पर टाउनशिप में रन फॉर फारमर्स के लिए धावक लगायेंगे दौड़

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** धावला फाउंडेशन के द्वारा आगामी 23 दिसंबर को रन फॉर फारमर्स (किसानों के दौड़) का आयोजन करने जा रहा है। यह दौड़ 5 किलोमीटर की रहेंगी। इसका उद्देश्य समाज के हमारे सबसे योग्य सीमांत किसानों की मदद करना एवं आम जनता के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए यह दौड़ टाउनशिप में राष्ट्रीय किसान दिवस 23 दिसंबर को सुबह 7 बजे आयोजित की गई है।

इसमें पुरूष और महिला प्रतिभागी निशुल्क इसमें भाग ले सकते है। इसे चार श्रेणी के आयु समूह में बांटा गया है। जिनमें 12 से 15 वर्ष 15 से 25 वर्ष और 25 से 50 वर्ष और 50 वर्ष से उपर इसमें प्रतिभागी दौड़ लगा सकते है। प्रत्येक श्रेणी के लिए स्वर्ण रजत व कास्य पदक का पुरूस्कार रखा गया है। दौडऩे वालों लोग जो है उन्हें जर्सी व प्रमाण पत्र भी संस्था प्रदान करेंगी। चूंकि अभी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जारी है। हमारी वेबसाईट डब्लूडब्लूडब्लू डाट डीएचएवीएलएएस डाट इंन के माध्यम से भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

आयोजित प्रेस कांन्फ्रेस में आगे जानकारी देते हुए अनिता झा एक्जूकिटिव डायरेक्टर एवं सीईओ (सीएसआर) विभाग ने आगे बताया कि धावला कंपनी आने वाले समय में पूरे देश भर में सीमांत किसानों को जोडऩे का काम कर रही है। दस लाख से अधिक किसानों को जोडऩे का हमारा लक्ष्य है। 14 स्टेट व 28 जिलों में हमारी धावला फाउंडेशन है जो काम रही है छत्तीसगढ़ में हम बालोद बेमेतरा, राजनांदगांव, व दुर्ग भिलाई के किसानों के लिए काम कर रहे है। और किसानों की हर समस्या के लिए धावला फाउंडेशन काम कर रहा है। चूकि छत्तीसगढ़ का किसान खाली धान ही बोता है। हमारी संस्था चाहती है कि वह साल पर अलग अलग प्रजाति के व्यापार को करके समृद्ध किसान बने।

# आदिवासी प्रतीक बिरसा मुंडा की जयंती पर जन जातीय समुदाय को मिली सौगात-सरोज पाण्डेय

## आदिवासी जीवन स्तर की तस्वीर बदलने पीएम मोदी ने की कोशिश....

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। राज्य सभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय ने देश के 22 हजार गांवों के गरीब आदिवासियों के लिए जनमन स्कीम शुरू करने पर हार्दिक बधाई और उनका आभार व्यक्त की है । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने झारखंड के खूंटी में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर यह घोषणा की थी।**

सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के अपने सिद्धांत के आधार पर काम किया जाएगा । और इसी कड़ी में केंद्र सरकार ने जनजातीय समुदायों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं पीएम जनमन योजना इसी की ताजा कड़ी है। उन्होंने कहा निश्चित तौर पर इस योजना से देश के 22 हजार गांवों के गरीब आदिवासियों की किस्मत बदलेगी। उन्होंने कहा इस योजना में 24 हजार करोड़ खर्च किया जाएगा। योजना के तहत आदिवासयों के बेहतर स्वास्थ्य, भोजन, रोजगार, मकान, शिक्षा आदि का लाभ पहुंचाना है । इसके साथ ही लोगों को बीच जागरूता बढ़ाने के लिए भारत संकल्प यात्रा के साथ ही अभियान शुरू किया गया है । यह अभियान 26 जनवरी तक पूरे देश में जारी रहेगा। उन्होने बताया प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (पीएम जनमन) को केन्द्र सरकार ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है। यह महाभियान अनेक मंत्रालयों के 11 अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के सहारे चलेगा। उन्होंने कहा पीएम जनमन स्कीम के तहत सरकार आदिवासी जीवन स्तर की तस्वीर बदलने की कोशिश कर रही है । योजना के तहत आदिवासी समुदायों की जीवन स्तर को बेहतर किया जाएगा । इसके लिए मासिक राशन सुविधा, चिकित्सा बीमा, गारंटी रोजगार, नल जल, उज्ज्वला योजना, मकान और जमीन समेत कई तरह के लाभ दिए जाएंगे ।

उन्होंने बताया इस योजना से पक्के आवासों का निर्माण, सड़कों का प्रबंध, नल से जल और शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी जरूरी सुविधाएं शामिल हैं। आयुष मंत्रालय इस योजना के तहत मौजूदा मानकों के आधार पर आयुष वेलनेस सेंटर स्थापित करेगा, जिनके जरिये मोबाइल मेडिकल यूनिटों की मदद से पीवीटीजी ठिकानों पर आयुष सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय पीवीटीजी रिहाइशी इलाकों में कौशल और व्यावसायिक शिक्षा के केंद्र शुरू करेगा ताकि आदिवासी लोगों के लिए रोजगार के साधन बढ़ेगा ।

## दुर्ग विश्वविद्यालय द्वारा अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव प्रतियोगिता का तीसरा दिन

# छात्र-छात्राओं द्वारा सुगम संगीत एवं स्किट की रंगारंग प्रस्तुति

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा 20 दिसंबर को अंर्तमहाविद्यालयीन युवा उत्सव प्रतियोगिता 2023 के तीसरे दिन श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई में स्किट तथा सुगम संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुति दी।**




यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि विष्वविद्यालय के कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप तथा उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल की उपस्थिति में तथा श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी भिलाई की प्राचार्य, डॉ. अर्चना झा के नेतृत्व में आयोजित स्किट प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की 06 टीमों ने हिस्सा लिया। कन्या भ्रूण हत्या, अंधविष्वास उन्मूलन, ट्रांसजेंडर, स्वच्छता से संबंधित एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन पर केन्द्रित स्क्टि प्रस्तुति ने दर्षकों की खूब तालियां बटोरी।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने निर्णायकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि दोपहर 2:00 बजे आयोजित सुगम संगीत प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत गजल, गीत, की सभी ने प्रषंसा की। देर शाम तक सुगम संगीत प्रतियोगिता चलती रही।

युवा उत्सव के दौरान 04 अन्य स्पर्धाएं आयोजित हुई। इनमें कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सेक्टर 07 भिलाई नगर में परिचर्चा (एलुकेषन) तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय ''इस सदन की राय में देष भर के विष्वविद्यालय में एक जैसा पाठ्यक्रम लागू किया जाना उचित होगा''एलुकेषन प्रतियोगिता में लगभग 15 तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता में 32 महाविद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया। पक्ष एवं विपक्ष में सभी प्रतिभागियों ने शानदार प्रस्तुति दी।

डॉ. श्रीवास्तव के अनुसार भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई में एकल शास्त्रीय गायन स्पर्धा आयोजित हुई तथा समूह गायन हिन्दुस्तानी स्पर्धा आयोजित हुई। इन दोनों प्रतियोगिताओं में लगभग 25 टीमों ने हिस्सा लिया।

भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई की प्राचार्य, डॉ. संध्या मदन मोहन ने अतिथियों को पौधे भेंटकर पर्यावरण संरक्षण का संदेष दिया। किसी भी प्रतियोगिता स्थल पर प्रतियोगिताओं के परिणाम तत्काल घोषित नहीं किये गये। सम्पूर्ण युवा उत्सव संबंधी प्रतियोगिता आयोजित होने के पश्चात् विष्वविद्यालय प्रषासन द्वारा सभी स्पर्धाओं के नतीजे एक साथ घोषित किये जायेंगे।

# भारत सरकार के निर्देशक ने कलेक्टर एवं आयुक्त के साथ किया निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों के द्वारा केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।इस दौरान भारत सरकार के निर्देशक सर्वेश्वर मांझी ने कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्विनी देवांगन के अलावा निगम अधिकारियों के साथ पोटिया दशहरा मैदान में लगे शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सर्वेश्वर मांझी ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों पर योजनाओं की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान शीघ्र ही किया जाएगा।उन्होंने शिविर में हितग्राहियों से योजनाओं को लेकर चर्चा की। शिविर में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत शिविर में 196 आवेदनों में से 4 हितग्राहियों को गैस कनेक्शन निराकरण किया गया।शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 234 आवेदन प्राप्त हुए। शिविर में नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा,मनदीप सिंह भाटिया, चंद्रशेखर चन्द्राकर, पार्षद बिजेंद्र भारद्वाज,नोडल अधिकारी मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा ,संजय ठाकुर, विनोद मांझी,हरिशंकर साहू,मोहित मरकाम के अलावा अन्य अधिकारीगण/ कर्मचारी मौजूद रहे। केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से शुरू की गई।

# एसएमएस-2 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। बीएसपी एसएमएस-2 में सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह, मोल्ड रिपेयर शॉप में 19 दिसंबर 2023 को कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया था। जमीनी स्तर पर अपने लोगों में बुनियादी सुरक्षा जागरूकता लाने के उद्देश्य से, एसएमएस-2 ने 13 दिसंबर से 19 दिसंबर 2023 तक सुरक्षा जागरूकता सप्ताह 2023 का आयोजन किया था।**




अंजनी कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए सुरक्षा की आवश्यकता की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने एसएमएस-2 द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना करते हुए कहा, कि हमें कार्यस्थल पर विभिन्न जोखिमों से सावधान रहने और उसके अनुरूप आचरण करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सभी कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक पूर्ण सजगता से आना चाहिए। इससे ना केवल संयंत्र को गुणवत्ता और मात्रा में नई ऊंचाइयों को छूने में मदद मिलेगी अपितु सुरक्षित तरीके से कार्य करने में भी मदद मिलेगी। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (आयरन तापस दासगुप्ता ने कहा कि एसएमएस-2 भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा के मामलों में अग्रणी रहा है और इसे बनाए रखने व आगे बढ़ाने के लिए तीन सूत्रीय कार्यक्रम की आवश्यकता है, जिसमें संरचना का कठोर निरीक्षण, व्यवहारिक सुरक्षा की संस्कृति का निर्माण और कार्यस्थल पर सतर्क रहना शामिल है।

मुख्य महाप्रबंधक (एसएमएस-2) घोषाल ने अपने स्वागत उद्बोधन में 'सुरक्षा सामान्य ज्ञान है' पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अगर सजगता से काम लिया जाए तो 100 फीसदी घटनाओं से बचा जा सकता है। सुरक्षा सप्ताह के दौरान औद्योगिक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, नारा, पोस्टर और कविता प्रतियोगिता, हाउसकीपिंग प्रतियोगिता, बीएसपी सुरक्षा मानकों पर एक प्रश्नोत्तरी और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों, अग्नि सुरक्षा, महिलाओं से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता सत्र आदि जैसे विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों पर जागरूकता सत्र की अध्यक्षता, व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. एन राम ने की। महिला सशक्तिकरण पर सत्र का संचालन महाप्रबंधक (पर्सनल-मेडिकल) सुश्री आर रंजनी और कंसल्टेंट (एम एंड एचएस) सुश्री शुभ प्रशांत द्वारा किया गया।

इन विभिन्न कार्यक्रमों में सभी वर्गों के कर्मचारियों ने भाग लिया था। महाप्रबंधक (एसएमएस-2) राजीव श्रीवास्तव, महाप्रबंधक (एसएमएस-2)एन के देठे, प्रबंधक (जल प्रबंधन विभाग) पी अनु एवं प्रबंधक (एसएमएस-3) अंकित सत्पथी ने सुरक्षा मानकों पर प्रश्नोत्तरी के लिए पुरस्कार जीते। मेसर्स साहिकॉन, मेसर्स टीपीएल, मेसर्स प्रोटेक्टिव और मेसर्स ब्रेथवेट को न्यूनतम उल्लंघन के साथ सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए सर्वश्रेष्ठ ठेकेदारों के रूप में चुना गया। कैस्टर एरिया ने सर्वश्रेष्ठ हाउसकीपिंग का पुरस्कार जीता, जबकि लैडले बे और एसबीएस को दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संयोजन एसएमएस-2 के महाप्रबंधकों बिनीतोष बाला, सौरभ जैन एवं गौरव सिंघल द्वारा किया गया। जिसका संचालन जितेन्द्र मानिकपुरी तथा धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (एसएमएस-2) योगेश शास्त्री द्वारा किया गया।

# जेएलएन अस्पताल में मॉक ड्रिल का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बीएसपी के मुख्य चिकित्सालय पं जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में आपातकालीन स्थितियों में स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों की समीक्षा के लिए विगत दिनों मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। कोविड के नये वेरियंट की आषंका और किसी भी आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए नियतकालीन समयावधि में ऐसी कार्यवाही की जाती है।



मॉक ड्रिल का आयोजन संयंत्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ पी बिनायके, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ विनीता द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ के ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ त्रिनाथ दास के मार्गदर्षन एवं देखरेख में किया गया। इस अवसर पर पं जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालाय की अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी (केजवल्टी) डॉ मीनाक्षी दवे, महाप्रबंधक शाहिद अहमद तथा वरिष्ठ प्रबंधक बी के श्रीवास्तव सहित हॉस्पिटल स्टाफ के सदस्य उपस्थित थे। मॉक ड्रिल अभ्यास की शुरुआत कैजुअल्टी से की गई। कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार ट्राइएज प्रक्रिया पूरी की गई और मौजूद डॉक्टरों द्वारा मरीज की गंभीरता की जांच व परीक्षण कर कोविड वार्ड में आवष्यक उपचार किया गया। केंद्र और फ्लू ओपीडी में एक ड्रिल आयोजित की गई जिसके बाद मरीज को में ले जाया गया।

क्रिटिकल केयर टीम की उपस्थिति में कोविड वार्ड में मॉक ड्रिल सम्पन्न हुई। विदित हो कि प्रत्येक विभाग में आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु प्रोटोकॉल बनाये जाते हैं। इस प्रोटोकॉल के जांच हेतु समय-समय पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाता है और साथ ही इस मॉक ड्रिल की गोपनीयता बनाये रखी जाती है जिससे कि स्थिति की गंभीरता को प्रोटोकॉल के अनुरूप की जाने वाली कार्यवाही के दौरान सही रूप में परखा जा सके।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950